


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-272 | सीहोर, शनिवार 21 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## अब कोई भी राजनीतिक दल संसद भवन के द्वार पर नहीं करेगा धरना या प्रदर्शन

**-लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सदन की गरिमा का रखें ख्याल**



नई दिल्ली,(ए)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में घोषणा करते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संसद परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है।अध्यक्ष बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की भावना प्रभावित होती है। उन्होंने सांसदों ने आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन से बचें। उन्होंने सांसदों की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, और इसका सभी को आदर करना चाहिए। बता दें गुरुवार को संसद भवन परिसर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे। बीजेपी सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

## शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन नहीं चली संसद

**लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

नईदिल्ली,(आरएनएस)। संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा और विपक्ष के सांसदों ने अंबेडकर विवाद को लेकर जमकर नारेबाजी की। हंगामे को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। हालांकि, अंतिम दिन लोकसभा ने एक देश एक चुनाव से संबंधित 2 विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में भी कार्यवाही शुरू होने के बाद हंगामा शुरू हो गया, जिसके बाद कार्यवाही को 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। इसके बाद कार्यवाही फिर शुरू हुई, लेकिन हंगामा नहीं थमा।इसे देखते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रगीत के बाद कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।बता दें, लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कार्यवाही को स्थगित करने से पहले सांसदों को संसद परिसर और गेट पर प्रदर्शन न करने की चेतावनी दी।

## जंगल में लावारिस खड़ी कार से मिला 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपए नकद

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यहां जंगल में लावरिस खड़ी एक कार से 52 किलो सोना और 9.86 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए हैं। रात करीब 1.30 बजे सूचना मिली थी कि भोपाल के पास मेंडोरी गांव में एक खाली प्लॉट पर एक लावारिस कार खड़ी है जिसमें बैग भरे हुए हैं। कार में कैश होने की संभावना के चलते पुलिस ने आयकर विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही आयकर विभाग के अधिकारी लगभग 100 पुलिसकर्मियों के साथ सायरन बजाते हुई गाड़ियों से मौके पर पहुंचे और जब खाली प्लॉट पर खड़ी लावारिस सफेद रंग की इनोवा क्रिस्टा कार की तलाशी ली तो जैसे पैसों की बारिश होने लगी। कार के अंदर से 500 रुपए के नोटों की गड्डियों पर गड्डियां और सोने के बिस्किट निकलने का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। जिसे देखकर आयकर अधिकारी और पुलिसकर्मी सभी हैरान रह गए। कार से 52 किलो सोना और 9.86 करोड़ रुपए कैश बरामद हुए हैं। अगर 52 किलो सोने की कीमत आंकी जाए तो वो करीब 40 करोड़ रूपए बताई जा रही है।यह सोना किसका है इस बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में सोना मिला वो ग्वालियर की है, जो चंदन गौर नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है। शर्मा के कार्यालय और आवास में बुधवार को लोकायुक्त पुलिस का छापा पड़ा था।




भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और अन्य सांसदों ने संसद भवन में लोकसभा के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसदों को धक्का दिया, जिसके परिणामस्वरूप सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए।

## विकास को दर्शाता है प्रदेश में म्यूचुअल फंड सेक्टर में सवा लाख करोड़ रुपये का निवेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*प्रदेश में सोलर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के विशेष प्रयास किये जा रहे*
*इंदौर में निवेश मंत्रणा कार्यक्रम में देश भर से म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स हुए शामिल*

भोपाल (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न सेक्टरों के साथ म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री भी तेजी से आगे बढी है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेश 10 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 68 लाख करोड़ रूपये से अधिक हो गया है। प्रदेश में म्यूचुअल फंड में सवा लाख करोड़ रुपये का निवेश है, जो यहां हुए विकास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के 2 दिवसीय निवेश मंत्रणा कार्यक्रम में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का बजट सवा तीन लाख करोड़ रुपये है जिसे बढ़ाकर 7 लाख करोड रुपये ले जाने के बड़े लक्ष्य के साथ प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। हम अनावश्यक खर्चों को कम करके आय में वृद्धि करने पर जोर देते हुए कार्य कर रहे है। देश



और प्रदेश हर क्षेत्र में बड़े लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है। बदलते दौर में व्यवस्थाएं क्रांतिकारी रूप से परिवर्तित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा बिजली उत्पादन के क्षेत्र में किसानों को सौर ऊर्जा पंप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में विशेष प्रयास किये जा रहे है। इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश सरकार की बिजली पर खर्च होने वाली बडी राशि की बचत होगी। उन्होंने कहा प्रदेश में 2003 में 5 मेडिकल कालेज थे। वर्तमान में 30 मेडिकल कॉलेज है, जिसमें 5 हजार सीटे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा आने वाले समय में प्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा नदी जोड़ो अभियान में प्रदेश में 2 नदी जोड़ो अभियान पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं से प्रदेश में वर्तमान सिंचाई का रकबा 45 लाख हेक्टेयर से बढ़कर एक करोड़ हेक्टेयर हो जाएगा। इससे प्रदेश में सिंचाई के साथ-साथ उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से विकास के साथ-साथ रोजगार बढ़ेंगे। उन्होंने कहा म्यूचुअल फंड निवेश मंत्रणा कार्यक्रम में होने वाले मंथन के माध्यम से भविष्य के अच्छे सोपान निकल कर आएंगे।

## गैस टैंकर में धमाका: 40 गाड़ियों में लगी आग, 11 की मौत, 25 गंभीर



जयपुर(ए)। जयपुर के अजमेर रोड पर एक भीषण हादसा हुआ है। शुक्रवार की सुबह सुबह एक सीएनजी टैंकर में विस्फोट होने के बाद करीब 40 गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में कई लोग जिंदा जल गए। अभी तक 11 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि करीब 25 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा अजमेर रोड स्थित भांकरोटा इलाके में हुई। गैस टैंकर में धमाके की वजह से पेट्रोल पंप समेत कई गाड़ियों में आग लग गई, जिनमें बस, ट्रक, कार आदि शामिल हैं।जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि घटना में 40 गाड़ियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों और एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के साथ घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि उन्हें करीब पौने छह बजे एक साथ कई गाड़ियों में आग लगने की सूचना मिली।

दमकल की 30 गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि करीब 25 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। और भी लोगों को लाया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकतर लोग गंभीर रूप से जले हुए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 15 लोग 80 फीसदी जले हुए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे और घायलों की समुचित इलाज का निर्देश दिया।

टैंकर और ट्रक की टक्कर से हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि केमिकल अथवा गैस भरे टैंकर की टक्कर एक दूसरे ट्रक से हो गई। इससे वह बड़ा धमाका हो गया। व्यस्त सड़क पर उस दौरान कई गाड़ियां मौजूद थीं। धमाका इतना तेज था कि एक बस, कई ट्रक, कार, बाइक समेत कई गाड़ियों में आग लग गई। आग पेट्रोल पंप तक भी पहुंच गई। अचानक धमाके के साथ हुए हादसे में लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। कई लोग जिंदा जल गए।

घायलों को देखने मुख्यमंत्री अस्पताल पहुंचे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा घायलों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे । इससे पहले सीएम ने एक्स पर लिखा, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दु:खद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है।

## सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया में सब कोई सुरक्षित : सीएम योगी

अयोध्या (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की।इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है।

## मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने यह निर्णय लिया, जब सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीव्र हंगामा हुआ। दोनों पक्षों के सदस्य आसंदी के पास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे, जिसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इस सत्र के अंतिम दिन 28 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किए गए थे, जिनमें लाडली बहना योजना, परिवहन, स्कूल शिक्षा, जल जीवन मिशन जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी। लेकिन हंगामे के कारण यह चर्चा नहीं हो पाई।सदन के दौरान भाजपा विधायक सीतासरन शर्मा ने राहुल गांधी पर संसद में धक्का-मुक्की का आरोप लगाया था, जिस पर कांग्रेस ने विरोध किया और कहा कि राहुल गांधी का नाम लेकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। वहीं, भाजपा ने अंबेडकर जी के अपमान पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए।




## *धक्का-मुक्की प्रकरण पर प्रियंका गांधी की दो टूक- अमित शाह को बचाने की साजिश*

*नई दिल्ली,(ए)। संसद परिसर में हुए धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले की साजिश अमित शाह को बचाने के लिए रची गई। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, कि राहुल गांधी शांतिपूर्वक डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो लेकर जय भीम के नारे लगाते हुए संसद जा रहे थे। फिर उन्हें रोका गया और भाजपा सांसदों ने धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी की। यह सब अमित शाह को बचाने के लिए किया गया है।यह बयान उस वक्त आया जब भाजपा ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हुए। कांग्रेस ने इन आरोपों को नकारते हुए उल्टा भाजपा पर साजिश का आरोप लगाया।इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने आगे कहा, कि मेरे सामने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जमीन पर गिराया गया। सीपीएम सांसद को भी धक्का दिया गया, जिससे वे खड़गे जी के ऊपर गिर गए। यह सब पूरी योजना के तहत किया गया। भाजपा अगर सच में आंबेडकर जी का सम्मान करती है, तो जय भीम का नारा क्यों नहीं लगाती? मैं भाजपा सांसदों को चुनौती देती हूं कि वे यहां खड़े होकर जय भीम बोलकर दिखाएं।*

## बंगले की रेकी पर संजय राउत बोले- हम डरते नहीं, यह उनका डर है



मुंबई (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत के भांडुप में स्थित बंगले की दो अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे रेकी की। इस बीच संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा।संजय राउत के घर के बाहर रेकी करते हुए दो शख्स सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। संजय राउत ने कहा कि ये पहली बार नहीं हुआ है। मेरे दिल्ली में घर की रेकी बार-बार होती रही है। मैंने इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि मुंबई के भांडुप में मेरे घर की आज सुबह दो लोगों ने रेकी की है। अज्ञात व्यक्ति बाइक पर आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस चाहते हैं कि जो उनके खिलाफ आवाज उठाएगा उसकी आवाज को दबा देंगे।

## प्रदीप मिश्रा की कथा : अनियंत्रित हुई भीड़, कई महिलाएं चोटिल

मेरठ, (आरएनएस)। मेरठ के शताब्दी नगर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। एंट्री गेट पर कई महिलाएं गिर पड़ीं। महिलाओं को हल्की चोटें भी आई हैं। बताया गया कि कथा का आज छठा और अंतिम दिन है।आज ढाई लाख पहुंची श्रद्धालुओं की संख्याहर दिन जहां डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे थे वहीं आज श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख पहुंच गई। बताया गया कि व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आई। भीतर की तरफ पंडाल पूरी तरह फुल हो गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो गए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी थीं। बाहर जमा श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**-नर्स से सामूहिक दुष्कर्म-**

## टेंपों से अगवा कर गजक खिलाकर किया बेहोश, दूसरे समुदाय के तीन युवकों की दरिंदगी

मेरठ, (आरएनएस)। मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र में गढ़ रोड स्थित एक हॉस्पिटल की नर्स को दूसरे समुदाय के तीन युवकों और एक महिला ने टेंपो में अगवा कर लिया। एक महिला ने उसे गजक खिलाई। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसे एक मकान में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया।गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ लोहियानगर थाने पहुंचकर नर्स ने दो युवकों को नामजद करते हुए महिला समेत चार के



खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। विश्व हिंदू परिषद के शास्त्रीनगर प्रखंड मंत्री आशीष गुप्ता के साथ युवती शुक्रवार को लोहियानगर थाने पहुंची। उसने बताया कि वह नर्स है। बुधवार शाम ड्यूटी खत्म कर वह तेजगढ़ी चौराहे से टेंपो से घर जा रही थी। टेंपो में बैठी एक महिला ने युवती को गजक दी। गजक खाते ही वह बेहोश हो गई, उसे अलीपुर ले जाकर एक मकान में दुष्कर्म किया गया। वहां से वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।पुलिस का कहना है कि युवती एक आरोपी की पहले से परिचित है। उसने पहले बंधक बनाकर मारपीट करने की तहरीर दी थी। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। बाद में युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी दाऊद, उसके भाई वाहिद और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# मध्यप्रदेश अपनी आवश्यकता की आधी बिजली वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा से करेगा प्राप्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## एक लाख सोलर पम्प देकर किसानों को ऊर्जा उत्पादन में बनाया जाएगा आत्म-निर्भर

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूर्य ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। सौर ऊर्जा सबसे अच्छी ऊर्जा है। आने वाले वर्ष-2030 तक मध्यप्रदेश अपनी आवश्यकता की बिजली का आधा हिस्सा सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगा। सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार का प्रयास उद्योग, धन्धे, कृषि के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाना है। आगर में बनने वाली सौर ऊर्जा रेल विभाग को दी जाएगी, जिससे 7 राज्यों में रेलगाड़ियाँ संचालित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के सुसनेर में 3520 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 880 मेगावॉट आगर और नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें आगर-मालवा जिले की लगभग 2200 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 550 मेगावॉट सौर परियोजना एवं नीमच जिले की 1320 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 330 मेगावॉट सौर परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगर-मालवा जिले में 49.81 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।



**मुख्यमंत्री ने 3520 करोड़ की 880 मेगावॉट की आगर-नीमच सौर परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये संकल्पित है। किसानों को समृद्ध बनाने सम्मान निधि और कृषि सिंचाई विद्युत बिल पर 53 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। किसानों को सिंचाई के लिये सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनाया जाएगा इसके लिये 1 लाख सोलर पम्प दिये जाएंगे, जिससे किसान अपनी आवश्यकता की बिजली स्वयं उत्पादित कर सकेंगे। प्रदेश के प्रत्येक किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का काम सरकार कर रही है।

प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 करोड़ हेक्टेयर तक ले जाया जाएगा, मध्यप्रदेश फसल उत्पादन के क्षेत्र में हरियाणा-पंजाब को पीछे छोड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए खेती के साथ पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिये दूध खरीदी पर बोनस देंगे, इसके लिए सरकार काम कर रही है। देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मध्यप्रदेश द्वारा की जाती है। अगले 5 साल में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से 20 प्रतिशत आपूर्ति कर प्रदेश को देश में अग्रणी बनाना है। सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगर-मालवा जिले में उत्पादित दूध की गुणवत्ता की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा, महिला, गरीब, एवं किसान के विकास और कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। सभी वर्गों के कल्याण के लिये अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई।




भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय बालरंग में भोपाल के मिसरोद स्थित शासकीय स्कूल के बच्चों ने राजस्थान राज्य की संस्कृति की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाया।

## 21 दिसम्बर को रेल मंत्री 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत करेंगे

***समारोह में पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक लेखा एवं कार्मिक विभाग की शील्ड प्राप्त करेंगी***

भोपाल (निप्र)। भारतीय रेल द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को लेखा विभाग तथा कार्मिक विभाग की शील्ड प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल से अधिकारी वांछित खरे, वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर एवं कर्मचारी दानिश शहाब, सीनियर सेक्शन इंजीनियर भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किये जाएँगे।

## भोपाल विजन डवलपमेंट-2047 की एसपीए के साथ बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। भौंरी स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) भोपाल में गुरुवार को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विजन डवलपमेंट 2047 भोपाल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसपीए के डायरेक्टर डॉ. कैलाशा राव एम, एडीएम प्रकाश नायक, एसपीए के एसोसिएट प्रोफेसर मयंक दुबे, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम एवं मध्यप्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के बृजेश शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि भोपाल के 2047 तक के विकास को लेकर एक सुव्यवस्थित और प्रभावी प्लान तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए जिला प्रशासन, एसपीए और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त दल का गठन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि भोपाल को 2047 तक भारत के पटल पर एक यूनिक सिटी के रूप में विकसित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह डवलपमेंट प्लान सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रदूषण मुक्त शहर, बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम, सतत विकास (सस्टेनेबल डवलपमेंट) के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 से 20 दिनों में संबंधित एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श कर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जाए। इसके आधार पर भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शहर का चौमुखी विकास सुनिश्चित किया जाए।

## प्रशिक्षण के माध्यम से नवांकुर संस्थाओं का होगा क्षमतावर्धन-डॉ. धीरेंद्र कुमार पाण्डेय

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला भोपाल एवं सीहोर की नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण राज्य कृषि एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. धीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से नवांकुर संस्थाओं का होगा क्षमतावर्धन। नवांकुर योजना परिषद की महत्वपूर्ण योजना हैं जिसके माध्यम से नवांकुर संस्थाओं को निर्धारित मापदंड पर कार्य करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

सभी नवांकुर संस्थाएं अपने - अपने कार्यक्षेत्र में ग्राम विकास के लिये उल्लेखनीय कार्य करें साथ ही पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण, जैविक कृषि जैसे विषयों पर भी उत्कृष्ट कार्य कर क्षेत्र में अपनी पहचान विकसित करें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवांकुर संस्थाओं को प्रशिक्षित कर उनका क्षमता वर्धन करना है। कार्यपालक निदेशक द्वारा सभी नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य करने हेतु अपनी ओर से शुभकामनाएं भी दी गई।

प्रशिक्षण का प्रारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभ में वरुण आचार्य संभाग समन्वयक भोपाल द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा ग्राम विकास की संकल्पना पर आवश्यक जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन कोकिला चतुर्वेदी जिला समन्वयक भोपाल एवं आभार प्रदर्शन पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक सीहोर द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल एवं सीहोर जिले के जिला, विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## निगम अमले ने रायसेन रोड पर की अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए रायसेन रोड के रत्नागिरी से आनंद नगर तक, आनंद नगर से पटेल नगर, पटेल नगर से कोकता बायपास, व ओरिएंटल कॉलेज क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की और ठेले, गुमठी, लोहे की चादर, टेबिल, कुर्सी आदि सहित 20 ट्रक विभिन्न प्रकार की सामग्री जप्त की। अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने पटेल नगर, कोकता बायपास रोड पर बने 40 छप्पर भी जेसीबी मशीनों के माध्यम से तोड़ने की कार्यवाही की। निगम अमले ने अतिक्रमणकारियों को पुन: अतिक्रमण न करने की समझाइश भी दी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर गुरूवार को निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के सभी दलों ने संयुक्त रूप से रायसेन रोड स्थित पटेल नगर से ओरिएंटल कॉलेज व कोकता बायपास तिराहा एवं आनंद नगर से रत्नागिरी चैराहे सहित अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की। निगम अमले ने पटेल नगर से ओरिएंटल कॉलेज मार्ग पर अवैध रूप से बनाये गये 02 लोहे के शेड हटाये और 08 ट्रक सामान जप्त किया। निगम अमले ने इसी प्रकार पटेल नगर से कोकता बायपास चैराहे के चारो ओर अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए यहां अवैध रूप से निर्मित 40 छप्परों को जेसीबी मशीनों व श्रमिकों के माध्यमों से तोड़ने की कार्यवाही की और 06 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

## चित्रकला से बच्चों ने जाना ऊर्जा संरक्षण का महत्व

भोपाल (ए)। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह (14 दिसम्बर 2024 से 21 दिसम्बर 2024) के दौरान होने वाले विभिन्न आयोजनों में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन चिनार पार्क में किया गया। प्रतियोगिता में शहर के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 210 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता 02 वर्गों में आयोजित की गयी थी, जिसमें जूनियर वर्ग (कक्षा 5 से 6) में प्रथम पुरस्कार जॉन मेरी (कार्मल कान्वेंट स्कूल बी.एच.ई.एल), द्वितीय पुरस्कार रिद्धिमा महाराणा (कार्मल कान्वेंट स्कूल बी.एच.ई.एल), तृतीय पुरस्कार नायसा यादव (कार्मल कान्वेंट स्कूल बी.एच.ई.एल.) एवं सात्वंना पुरस्कार मो.मारूफ खान (ब्रिलियंट कान्वेंट स्कूल) ने प्राप्त किया।

## झांसी मंडल में तीसरी लाइन कार्यः भोपाल मंडल से गुजरने वाली 8 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

भोपाल (निप्र)। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के ग्वालियर-झाँसी खंड में तीसरी लाइन के कार्य के संदर्भ में संदलपुर-आंतरी स्टेशनों के बीच अप लाइन पर कट और कनेक्शन कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।



1. गाड़ी संख्या 12644 हजरत निज़ामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
2. गाड़ी संख्या 12780 हजरत निज़ामुद्दीन-वास्को डी गामा एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 से 21.12.2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
3. गाड़ी संख्या 12626 नई दिल्ली - त्रिवेंद्रम केरला एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 से 21.12.2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
4. गाड़ी संख्या 12708 हजरत निज़ामुद्दीन-तिरुपति एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
5. गाड़ी संख्या 12628 नई दिल्ली - बेंगलुरू कर्नाटक एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 से 21.12.2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
6. गाडी संख्या 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
7. संख्या 12618 हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 से 22.12.2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया ग्वालियर-गुना-रुठियाई-मक्सी-भोपाल होते हुए गंतव्य को जाएगी।
8. गाड़ी संख्या 12191 हज़रत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस दिनांक 20.12.2024 से 22.12.2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया ग्वालियर-गुना-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## एम.पी. ट्रांसको की त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग

### आंधी तूफान का मौसम आने के पहले ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेन्स सुनिश्चित करें : एम.डी. इंजी.सुनील तिवारी



भोपाल (ए)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी समय रहते प्रदेश की ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेन्स सुनिश्चित कर लें। प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि वर्तमान रबी सीजन के दौरान मध्यप्रदेश में बढ़ते हुये लोड के मद्देनजर चाक-चौबंद व्यवस्था बनाये रखे। जिससे ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता कायम रखी जा सके। श्री तिवारी ने वर्तमान रबी सीजन में ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों पर लोडिंग और वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यों की वर्क वाइस मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये एवं उच्चतम मापदंड़ो के साथ सर्वोत्तम गुणवत्ता से कार्य समयसीमा में पूर्ण किये जाये। श्री तिवारी ने कहा कि एम.पी. ट्रांसको में विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से आयोजित की जा रही ट्रेनिंग के कारण आये गुणात्मक परिवर्तन की निरंतरता को बनाये रखें। प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी ई.एच.टी. लाइनों और सब स्टेशनों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस करें।

## भवन निर्माण सामग्री फैलाने वालों व ग्रीन नेट न लगाने के 15 प्रकरणों में 13 हजार रुपये का स्पॉट फाईन/जुर्माना वसूला

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाकर वायु गुणवत्ता एवं शहर की स्वच्छता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत सख्त कार्यवाही करने के दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री, सड़कों सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवन पर ग्रीन नेट न लगाने वालों सहित साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की और सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाने वालों के विरूद्ध 15 प्रकरणों में 13 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम अमले ने कुल 162 प्रकरणों में 45 हजार 650 रुपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की।

## निर्माणाधीन हमीदिया रोड पर आने वाले नालों को व्यवस्थित करते हुए निर्माण कार्यो को पूर्ण करें

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय ने निर्माणाधीन हमीदिया रोड पर आने वाले नालों का निरीक्षण किया और नालों का बहाव निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सभी निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने सड़कों के निर्माण कार्य को भी नियत समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद राजू कुशवाह के अलावा नगर निगम एवं पी.डब्ल्यू.डी के अधिकारी मौजूद थे। महापौर मालती राय ने गुरूवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कराए जा रहे हमीदिया रोड पर संगम टॉकीज, अल्पना तिराहा एवं भोपाल टॉकीज क्षेत्र के नालों का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों से सड़क एवं नालों के निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। महापौर राय ने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन रोड पर आने वाले सभी नालों का निकास निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत निर्माण कार्य किए जाए ताकि नालों में पानी का बहाव न रूके और नागरिकों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। महापौर राय ने अल्पना टॉकीज तिराहा स्थित नाले के व्यवस्थित निकास को सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, रेलवे तथा मेट्रो रेल कार्पोरेशन को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## निगम के पुस्तकालयों में छात्रों/पाठकों की रुचि अनुसार पाठ्यक्रम आदि की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें


भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, पेंशन शाखा तथा जनसंपर्क एवं पुस्तकालय विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निगमकर्मियों के नियमानुसार पदोन्नति सहित सेवा संबंधी अन्य प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए महापौर राय ने निगमकर्मियों के आश्रितों के अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों तथा पेंशन प्रकरणों को नियमानुसार शीघ्रता से निराकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पुस्तकालयों में छात्रों व पाठकों की रूचि अनुसार पाठ्यक्रम व अन्य प्रकार की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व पुस्तकालयों का रेनोवेशन कार्य एवं अन्य आवश्यक संसाधन शीघ्रता से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## शहरों की तर्ज पर बने डुप्लेक्स जैसे आवासों में रहेंगे अब सहरिया जनजाति के लोग



भोपाल (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी 2024 को शिवपुरी जिले के हातोद ग्राम पंचायत में 2 सहरिया जनजाति की महिलाओं से संवाद किया था, जिसमें पोहरी ब्लॉक की बूड़दा पंचायत की श्रीमति ललिता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से हातोद जैसी आवासीय कॉलोनी खुद की बूड़दा पंचायत में भी बनवाने की गुजारिश की थी। बूड़दा पंचायत के सहरिया जनजाति के लिए ये एक सपना जैसा था जो अब साकार हुआ है। शिवपुरी जिले की चौथी कॉलोनी एवं पोहरी ब्लॉक की पहली जनमन आवासीय कॉलोनी बनकर तैयार हो गई है। मुख्य कार्यपाल अधिकारी जनपद पंचायत ने बताया कि कॉलोनी में 32 सहरिया हितग्राहियो के आवास बनाए गए हैं। इन आवासों की ख़ास बात ये है कि ये आवास शहरों की तर्ज पर डुप्लेक्स जैसे बनाये गए है। इन आवासों में अब विशेष पिछड़ी जनजाति के सहरिया हितग्राही निवास करेंगे। इसके अतिरिक्त इन आवास में घर-घर नल एवं विद्युत कनेक्शन की सुविधा दी गयी है, साथ ही सड़क, सामुदायिक भवन, चौपाल आदि की सुविधा भी दी जाएगी।

## जालसाजों को सिमकार्ड बेचने वाला पीओएस एजेंट गिरफ्तार



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल सायबर क्राइम ब्रांच ने जालसाजों को मोबाइल सिम बेचने वाले एक पीओएस एजेंट को सूरत ( गुजरात) से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अभी तक करीब ढाई सौ मोबाइल सिम बेचने की बात स्वीकार की हैं। आरोपी के पास से 10 सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। बता दें इस मामले में 5 अन्य आरोपियों को पहले ही क्राइम ब्रांच गिरफ्तार कर चुकी हैं।पुलिस ने बताया कि पीओएस एजेंट नया मोबाइल सिम कार्ड देने अथवा पोर्ट कराने के नाम पर ग्राहकों के नाम से सिम एक्टिवेट कर लेता था। ग्राहकों से कहता था कि टेक्निकल समस्या आने से सिम एक्टिवेट नहीं हो पा रही है। उसके बाद पूर्व से एक्टिवेटेड सिम कार्ड सायबर ठगों तक पहुंचा देता था, इसके लिए वह मोटा कमीशन लेता था।

## सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय और शिखर सम्मान देगी मध्यप्रदेश सरकार

**-राष्ट्रीय सम्मान की राशि 11 लाख और शिखर सम्मान राशि होगी 2 लाख रूपये**

**-प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका से किया जायेगा अलंकृत**

भोपाल (ए)। सम्राट विक्रमादित्य के नाम से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान और शिखर सम्मान दिया जायेगा। सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान की सम्मान राशि 11 लाख रूपये होगी। वहीं सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान में 2 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। शिखर सम्मान प्रादेशिक होगा। शिखर सम्मान प्रतिवर्ष तीन प्रतिष्ठित संस्था एवं व्यक्तियों को प्रदान किये जायेंगे। पहली श्रेणी न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, राजनय, शौर्य होगी। दूसरी श्रेणी में खगोल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान तथा प्राच्य वांग्मय विषय को सम्मिलित किया गया है और तीसरी श्रेणी में रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य करने वाली संस्था या व्यक्ति को सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका भी प्रदान की जायेगी।

महाराजा विक्रादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राच्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र, रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जायेगा।

## पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली यात्री स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं में विस्तार

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं की अवधि को आगामी आदेश तक विस्तार करने का निर्णय लिया है, विवरण निम्नानुसार हैं।



### जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 03.01.2025 से आगामी आदेश तक अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से गंतव्य स्टेशन बांद्रा टर्मिनस की ओर चलेगी। ट्रेन संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 04.01.2025 से आगामी आदेश तक अपने प्रारंभिक स्टेशन बांद्रा टर्मिनस से गंतव्य की ओर चलेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच, 02 द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, 06 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, एवं 02 एसएलआर/डी सहित 24 कोच रहेंगे।

### जबलपुर-पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 05.01.2025 से आगामी आदेश तक अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से गंतव्य की ओर चलेगी। ट्रेन संख्या 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 06.01.2025 से आगामी आदेश तक अपने प्रारंभिक स्टेशन पुणे से गंतव्य की ओर चलेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 02 द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, 05 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, 08 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआर/डी सहित 17 कोच रहेंगे।

### जबलपुर-कोयम्बटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 02198 जबलपुर- कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 03.01.2025 से आगामी आदेश तक अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से गंतव्य की ओर चलेगी। ट्रेन संख्या 02197 कोयम्बटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 06.01.2025 से आगामी आदेश तक अपने प्रारंभिक स्टेशन पुणे से गंतव्य की ओर चलेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच, 02 द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, 06 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, एवं 02 एसएलआर/डी सहित 24 कोच रहेंगे। उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनों के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन स्पेशल ट्रेन सेवाओं की विस्तारित सेवाओं का लाभ उठाएँ।

# इंदौर की एक सड़क जोड़ेगी तीन रेलवे स्टेशन और दो बस स्टैंड, शुरू होगा निर्माण



इंदौर (ए.)। पिछले सिंहस्थ के समय बनी आधी एमआर-4 सड़क को तीन साल बाद लगने वाले सिंहस्थ मेले से पहले पूरा किया जाएगा। यह सड़क लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से कुमेंड़ी पर बने नए बस स्टेशन तक बनेगी।

इसके बाद यह सड़क दो बस स्टैंड और मुख्य रेलवे स्टेशन, लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन और पार्क रोड रेलवे स्टेशन तक जुड़ेगी। जिन 23 सड़कों का निर्माण नगर निगम कर रहा है। उसमें इसका निर्माण प्राथमिकता से किया जाएगा।

आठ किलोमीटर लंबी इस सड़क के चार किलोमीटर हिस्से का काम होना है। दस साल पहले यह सड़क इंदौर विकास प्राधिकरण ने बनाई थी,लेकिन अब इसके निर्माण का जिम्मा नगर निगम को सौंपा गया है। यह सड़क फोरलेन बनेगी और इसके निर्माण के बाद विजय नगर, परदेशीपुरा, सुखलिया ग्राम व श्रमिक क्षेत्र का ट्रैफिक डायवर्ट होगा।

वाहन एमआर-10 से सीधे मालवा मिल, रीगल प्रतिमा, भागीरथपुरा की तरफ जा सकेंगे। यह सड़क नाले के किनारे बनेगी। पिछली बार इस सड़क के निर्माण के लिए सिंहस्थ मद से 30 करोड़ रुपये इंदौर विकास प्राधिकरण को मिले थे, लेकिन बाधक हिस्से नहीं हट पाने के कारण दो लेन सड़क ही बन पाई थी। इस सड़क के लिए रेल विभाग ने भी प्राधिकरण को जमीन दी थी।

**बड़े पैमाने पर हटेंगे बाधक निर्माण**

इस सड़क में सबसे बड़ी बाधा भागीरथपुरा बस्ती है। यहां करीब 200 से ज्यादा निर्माण बाधक है। सड़क की जद में आ रहे निर्माणों को नोटिस दिया गया है, लेकिन अभी तक लोगों ने स्वेच्छा से निर्माण नहीं हटाए है। जल्दी ही उन्हें हटाया जाएगा। दो माह के भीतर सड़क के निर्माण का लक्ष्य रखा है।

## अरशद ने हरीश बनकर की दोस्ती, दुष्कर्म के बाद शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया



इंदौर (ए.)। एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और शादी का झांसा देकर शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी का नाम अरशद है, लेकिन वह हरीश बनकर युवती से मिलता रहा। अरशद युवती के साथ मंदिरों में जाकर दर्शन भी करता था। वह गणेश विसर्जन और दुर्गा विसर्जन के समय भी युवती के साथ जाता था, ताकि उसे पता न चले कि वह दूसरे धर्म का है।

युवती चंदन नगर क्षेत्र की रहने वाली है और आरोपी भी उसी इलाके में रहता है। आरोपी ने युवती के साथ कई बार संबंध बनाए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला तो उसने कहा कि पहले धर्म परिवर्तन करना होगा। हकीकत पता चलने के बाद युवती नाराज हो गई तो आरोपी उसे धमकाने लगा। इसके बाद युवती ने थाने में जाकर शिकायत की। युवती को आरोपी के पिता, भाई और तीन महिलाओं ने भी धमकाया। वे युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**अरशद के भाई ने भी किया दुष्कर्म**

युवती को जब पता चला कि हरीश का असली नाम अरशद है तो वह हकीकत जानने के लिए उसके घर पहुंची। घर पर अरशद का भाई साबिर था। युवती ने विवाद किया तो साबिर उसे चाकू दिखाकर कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती अपने घर पहुंची और गुमसुम रहने लगी। उसने मां को इस बारे में नहीं बताया। बाद में युवती हिंदू संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के संपर्क में आई और थाने जाकर शिकायत की। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

## दो बच्चों की मां को जिंदा जलाया, 90 फीसदी जली महिला को अस्पताल में कराया गया भर्ती

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर में एक विवाहिता को डीजल डालकर जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। झुलसी हुई विवाहिता को संदिग्ध परिस्थितियों में परिजनों ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस देर रात ही पहले मौके पर फिर अस्पताल पहुंची। पुलिस को दिए बयान में महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ित करने और जलाने के आरोप लगाए हैं। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र स्थित फूल पुरा गांव में गुरुवार देर शाम की है। पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरती गुर्जर नामक एक विवाहित महिला को देर रात परिजन गंभीर रूप से जली हुई हालत में गोला का मंदिर के पास स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज को लेकर पहुंचे थे। महिला लगभग 90 प्रतिशत तक जल चुकी है। अस्पताल संचालक ने इसकी सूचना तत्काल थाने को दी। पहले थाना पुलिस पहुंची लेकिन मामला संदिग्ध और गंभीर लगा तो इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, एएसपी कृष्ण लालचंदानी, सीएसपी नागेंद्र सिंह व फोरेंसिक विशेषज्ञ अखिलेश भार्गव भी पड़ताल के लिए घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरती ने सास, ससुर, जेठ, जिठानी सहित चचेरे परिजन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और बताया कि उसके शरीर पर डीजल उड़ेलकर जलाया गया। बताया गया कि पीड़िता की शादी 9 साल पहले हुई थी। शुरू से ही ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता है। उसके 9 व 6 साल के दो बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल महिला की हालत काफी गंभीर है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, बाइक में सवार थे दोनों युवक; ब्यौहारी की घटना

शहडोल(ए.)। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के नकटहा घाटी में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। घटना बीती रात की है। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल में जुटी है। एक बाइक में दोनों युवक सवार थे। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि ब्यौहारी थाना क्षेत्र के नकटहा घाटी में एक लाल कलर की नई मोटरसाइकिल सड़क किनारे पड़ी थी और दो युवकों का मौके पर शव था, जिसे देख राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद देवलौंद थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा घटनास्थल ब्यौहारी थाना क्षेत्र का था। देवलौंद पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों युवकों के शव को अस्पताल भिजवाया गया और संबंधित पुलिस थाने में इसकी जानकारी दी गई। जिसके बाद अब ब्यौहारी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ब्यौहारी थाना प्रभारी ने बताया की बाइक सवार दो युवकों की इस घटना में मौत हुई है। थाना प्रभारी अरुण पांडे के अनुसार मृतकों की पहचान अंजनी पिता रामरतन यादव निवासी देवरी एवं पुष्पेंद्र यादव पिता बुद्धसेन यादव सर्वाही खुर्द के रूप में हुई है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। दोनों युवक बाजार की ओर जा रहे थे, तभी यह घटना रास्ते में घटी है। घटना किस वाहन से हुई है अभी यह स्पष्ट नहीं है। अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बर्खास्त पुलिसकर्मी की लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या, मंदिर में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

कटनी (ए.)। मध्यप्रदेश के कटनी जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां सेना और पुलिसकर्मी में सेवा दे चुके सिपाही की मंदिर में रक्त रंजित लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामला कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम जटवारा का बताया गया। यहां बीती रात शिव मंदिर में अज्ञात लोगों द्वारा सेना और पुलिस में सेवा देने वाले लाला उर्फ कमलेश कुमार शर्मा को पहले लाठी-डंडे से पीटा फिर पत्थर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक कमलेश कुमार शर्मा सेना में सिपाही रहते हुए सेवा दी। फिर नौकरी छोड़कर पुलिस विभाग में तैनात हुए, लेकिन अनुशासन हीनता के चलते बालाघाट जिले के अधिकारियों ने उसे बर्खास्त कर दिया था। उसके बाद से सिपाही कमलेश शर्मा अपने गृह ग्राम जटवारा में रहने लगा। वहीं बीती रात नशे की हालत में 54 वर्षीय लाला उर्फ कमलेश का अज्ञात लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। दोनों पक्षों से अभद्रता और जमकर गाली-गलौच होने लगी। सुबह लोग शिव मंदिर पूजा करने पहुंचे तो कमलेश की खून से सनी लाश देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना कुठला पुलिस तक पहुंचाई। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा एक शख्स की हत्या कर दी गई है, जिसकी जानकारी लगते ही कुठला पुलिस डॉग स्क्वायड और फॉरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू शुरू कर दी है। चेहरे और शरीर में चोट के निशान मिले हैं।

# मालगाड़ी से कटा युवक का पैर, शरीर में पेन से लिख रखा था नाम; हरकत देखकर डॉक्टर भी हैरान



शहडोल (ए.)। जिले के अमलाई क्षेत्र में रेलवे कॉलोनी के समीप मालगाड़ी से हुए हादसे में एक युवक का एक पैर का पंजा कटकर अलग हो गया, जबकि दूसरे पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। युवक की पहचान अमलाई थाना क्षेत्र के आलम गंज खोली निवासी पवन कुमार चौधरी पिता सहाय मास्टर 40 वर्ष के रूप में की गई है।

घटना के बाद घायल युवक को केन्द्रीय चिकित्सालय धनपुरी में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उपस्थित चिकित्सक समेत मौजूद अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने एक अजीब बात देखी। क्योंकि खून से लथपथ युवक अस्पताल में दर्द से कराहने के बजाए स्ट्रेचर में लेटकर गाना गा रहा था, साथ ही बीच बीच में शायरी भी पढ़ने लगता था। बहरहाल प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत हो देखते हुए उसे केन्द्रीय चिकित्सालय से मेडिकल कालेज शहडोल भेज दिया गया। फिर वहां से घायल युवक को जबलपुर रेफर कर दिया गया।

**शरीर में मे पेन से लिख रखा था**

उक्त घायल युवक ने अपने शरीर में कुछ लिख रखा था, उसकी इस प्रकार की हरकत को देखकर वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य लोगों को ऐसा आभास हो रहा था कि युवक मानसिक रूप से कुछ विक्षिप्त है। अन्यथा ऐसी स्थिति में दर्द से कराहने व चिल्लाने के बजाए वह गाने क्यों गाता। पड़ोसियों के अनुसार उसका मानसिक संतुलन पिछले दो तीन वर्ष से खराब था, वह ऐसे ही घूमता फिरता रहता था।

यह भी पता चला है कि करीब सात-आठ वर्ष पूर्व उसका आईटी आई के माध्यम से बिजली विभाग जबलपुर में सेलेक्शन हुआ था और वह वहीं नौकरी करता था। युवक के पिता की चीप हाउस में एक छोटी सी टेलरिंग की दुकान है। उसी से वह अपने परिवार का पालन पोषण करतें हैं।

इस संबंध में अमलाई थाना से सम्पर्क करने पर पता चला कि केन्द्रीय चिकित्सालय से तहरीर मिलने के बाद पुलिस कर्मी वहां गये तब तक उसे मेडिकल कालेज शहडोल भेजा जा चुका था। परिजनों से सम्पर्क करके युवक के बारे में पतासाजी करने का प्रयास किया जा रहा था। घायल युवक ने अपने शरीर में किसी व्यक्ति का नाम लिख रखा था, जोकि उसका पैसा चाहता था। इस बात में कितनी सत्यता है यह तो जांच के बाद पता चलेगा।

## व्यापार समाचार

# GST: स्विगी-जोमैटो ऑर्डर पर टैक्स में कटौती, बीमा पर छूट या 35% का स्लैब, परिषद की 55वीं बैठक में क्या होगा?

नई दिल्ली (ए.)। जीएसटी परिषद शनिवार को राजस्थान के जैसलमेर में हो रही बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने और हानिकारक वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर स्लैब पर विचार करने पर विचार कर सकती है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लगभग 148 वस्तुओं पर लगाने वाले दर में फेरबदल पर चर्चा हो सकती है। इसके अलावा, एयरलाइन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल व सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श हो सकता है।

फिटमेंट कमेटी (जिसमें केंद्र और राज्यों के कर अधिकारी शामिल हैं) ने अपने प्रस्ताव परिषद् को सौंप दिए हैं। स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण प्लेटफार्मों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर 5 प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है।

**इलेक्ट्रिक गाड़ियों और छोटे पेट्रोल व डीजल वाहनों की बिक्री पर जीएसटी बढ़ सकता है**

वहीं, इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक गाड़ियों और छोटे पेट्रोल और डीजल वाहनों की बिक्री पर जीएसटी को मौजूदा 12 प्रतिशत से बढ़ाकर




18 प्रतिशत तक करने का भी प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इस बढ़ोतरी से इस्तेमाल की गई और पुरानी छोटी कारें व इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी की दरें पुराने बड़े वाहनों के बराबर हो जाएंगे। इसके अलावा, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जून, 2025 तक छह महीने का विस्तार मिलने की संभावना है। क्षतिपूर्ति उपकर व्यवस्था मार्च, 2026 में समाप्त हो जाएगी, और जीएसटी परिषद ने उपकर का भविष्य तय करने के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों का एक पैनल गठित किया है।

जीएसटी व्यवस्था में, विलासितापूर्ण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर के अलावा विभिन्न दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है। उपकर से प्राप्त आय, जिसे मूल रूप से जीएसटी लागू होने के बाद पांच साल या जून 2022 तक के लिए लगाया गया था, का उपयोग जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों को हुए राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए किया गया। परिषद के एजेंडे में एक प्रमुख मुद्दा स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी दर तय करना भी है।

**टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर जीएसटी में छूट देने का हो सकता है निर्णय**

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में परिषद की ओर से गठित मंत्री समूह ने नवंबर में अपनी बैठक में टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों के लिए भुगतान किए जाने वाले बीमा प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने पर सहमति जताई थी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों की ओर से स्वास्थ्य बीमा कवर के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम को भी कर से छूट देने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य लोगों की ओर से 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी में छूट देने का भी प्रस्ताव है।

हालांकि, 5 लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवर वाली पॉलिसियों के लिए प्रीमियम भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी जारी रहेगा। परिषद जीएसटी दर युक्तिकरण पैनल की रिपोर्ट पर भी चर्चा करेगी। इसमें 148 वस्तुओं की दर में बदलाव का सुझाव दिया गया है।

## रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 85.07 डॉलर पर



**- रुपया गुरुवार को 19 पैसे की गिरावट के साथ 85 पर बंद**

मुंबई (ए.)। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.07 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया डॉलर की बढ़ती मांग से रुपये के कमजोर बने रहने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.07 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले यह 85.10 पर पहुंच गया जो उसके अभी तक के सर्वकालिक निचले स्तर से थोड़ा अधिक है। रुपया गुरुवार को 19 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.13 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.43 पर रहा।

## आरबीआई ब्याज दरों में कटौती का फैसला अप्रैल तक टाल सकता है, यस बैंक की रिपोर्ट में दावा



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) फेडरल रिजर्व के अधिक आक्रामक मौद्रिक रुख की ओर बढ़ने के कारण अपने दर कटौती चक्र की शुरुआत अप्रैल 2025 तक के लिए टाल सकता है। यस बैंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, "रुपये की कमजोरी और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता को देखते हुए, हम दर कटौती चक्र की शुरुआत को अप्रैल 2025 तक के लिए टालते हुए देखते हैं"। रिपोर्ट में बताया गया है कि फेड रिजर्व ने हाल ही में अपनी नीति दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कमी की है। हालांकि, आगे के मार्गदर्शन में फेड ने 2025 के लिए अनुमानित दर कटौती को घटाकर केवल 50 बीपीएस कर दिया है, जबकि पहले ब्याज दरों में 100 बीपीएस कटौती की उम्मीद थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2 अरब डॉलर घटकर 652.86 अरब डॉलर रह गया, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली (ए.)। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.988 अरब डॉलर घटकर 652.869 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 3.235 बिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 654.857 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया था। पिछले कुछ हफ्तों से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है और इस गिरावट का



कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है। सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.047 अरब डॉलर घटकर 562.576 अरब डॉलर रह गईं। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

## क्रिसमस से पहले ठंडा पड़ा बाजार; सेसेक्स 1176 अंक टूटा, निफ्टी 23600 से नीचे आया




नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,176.46 (1.48त) अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान यह 1,343.46 अंक या 1.69 प्रतिशत गिरकर 77,874.59 अंक पर आ गया था। दूसरी ओर, निफ्टी 364.21 (1.52त) अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद हुआ। आंकड़ों से पता चलता है कि इस सप्ताह के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 10 पैसे तक रिकवर कर 85.03 रुपये पर बंद पर बंद हुआ।

**हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ने के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांकों में बड़ी बिकवाली दिखी। सेंसेक्स की 30 प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा पिछड़े। इसके विपरीत, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन को लाभ हुआ।

**एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी दिखा गिरावट का रुख**

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोप के शेयर बाज़ार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वॉल स्ट्रीट गुरुवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,224.92 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.96 प्रतिशत घटकर 72.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## 'कन्नड नहीं बोल पाते तो दिल्ली आ जाइए', सीईओ के अजीबोगरीब जॉब ऑफर से सोशल मीडिया पर मचा बवाल

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली-एनसीआर की कार्स24 नामक कंपनी के सीईओ विक्रम चोपड़ा के एक पोस्ट से सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। दरअसल, उन्होंने हायरिंग के लिए एक पोस्ट किया था। इसके जरिए उन्होंने बंगलूरू के भाषा विवाद पर तंज कसा और हिंदी बोलने वालों से दिल्ली आने की अपील की थी।

**बंगलूरू में गैर कन्नड को होती है परेशानी**

बंगलूरू में कन्नड़ भाषा को प्राथमिकता दिए जाने के कारण गैर-कन्नड़ भाषी लोगों को कई बार नकारात्मक अनुभव होते हैं। जैसे गैर-कन्नड़ भाषी लोगों को ऑटो रिक्शा ड्राइवर द्वारा सवारी से इनकार कर देते हैं, भाषा न बोलने के लिए दुकानों में अधिक पैसे वसूलने तक की कई घटनाएं आए दिन सामने आती रही हैं।

**इस कंपनी के सीईओ ने किया विवाद खड़ा**

इस बीच, दिल्ली-एनसीआर स्थित एक कंपनी के सीईओ के पोस्ट ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। Carswy के सीईओ विक्रम चोपड़ा ने हायरिंग से संबंधित एक पोस्ट किया। इसके जरिए उन्होंने बंगलूरू के भाषा विवाद पर हल्के-फुल्के अंदाज में कटाक्ष किया। उन्होंने लिखा है कि क्या सालों तक बंगलूरू में रहने के बाद भी कन्नड़ नहीं बोल पाए? कोई बात नहीं, आ जाओ दिल्ली।

# सोने की कीमतों में उछाल, चांदी के गिरे भाव

**- सोना 75,700 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 86,900 रुपए के करीब**



नई दिल्ली (ए.)। सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत में शुक्रवार को सुधार देखने को मिल रहा है, जबकि चांदी के वायदा भाव सुस्ती के साथ कारोबार कर रहे हैं। शुक्रवार को सोने के वायदा भाव 75,700 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 86,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने के भाव में तेजी और चांदी के भाव गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 9 रुपये की तेजी के साथ 76,660 रुपये के भाव पर खुला। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 194 रुपये की गिरावट के साथ 86,993 रुपये पर खुला। इस समय यह 249 रुपये की गिरावट के साथ 86,938 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में आज सोने के वायदा भाव में तेजी और चांदी के भाव में नरमी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,609.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,608.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.80 डॉलर की तेजी के साथ 2,611.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.47 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.41 डॉलर था। इस समय यह 0.04 डॉलर की गिरावट के साथ 29.37 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही

बैलेंस सीट को सुधारना अच्छी बात है। लेकिन मुनाफे और श्रमिकों की आय के बीच संतुलन भी बने रहना चाहिए। यह नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉपोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।

सरकार के कर्ता-धर्ताओं को अहसास होने लगा है कि भारत की ग्रोथ स्टोरी' कहीं अटक गई है। वजह आबादी के बहुत बड़े वर्ग की उपभोग क्षमता में गिरावट है।

नतीजतन मांग गिर गई है और उसका असर अब कॉरपोरेट सेक्टर पर भी पड़ रहा है। यह स्थिति बनी रही, तो जीडीपी की तीव्र वृद्धि दर के दावे को कायम रखना कठिन हो जाएगा।

वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की ताजा चिंता का यही संदर्भ है। पिछले हफ्ते एसोचैम के एक आयोजन में उन्होंने कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आमदनी के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया।कहा कि कॉरपोरेट का मुनाफा 15 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। लेकिन इससे हुई आमदनी के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल कंपनियों ने ऋण चुकाने में किया है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे की तुलना में कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं बढ़ी है। नागेश्वरन ने कहा- बैलेंस सीट को बेहतर करना अच्छी बात है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आय वृद्धि के बीच संतुलन बने रहना चाहिए।यह अनुपात कायम नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉपोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।' यह वो बात है, जिस पर अनेक विशेषज्ञ पहले से रोशनी डालते रहे हैं। पिछले कुछ समय से कंपनी अधिकारी और मार्केट एजेंसियां भी इस बात को दो-टूक से कहने लगी हैं कि देश में मध्य वर्ग ढह रहा है।इससे संबंधित ताजा रिपोर्ट मार्केट एजेंसी- कैंटार की आई है। शीर्षक गौरतलब है: इंडिया ऐट क्रॉसरोड्स (चौराहे पर भारत)।कैंटार साउथ एशिया के महानिदेशक सौम्य महंती ने कहा- कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार व्यावहारिक रूप में के' आकार का रहा है, जिसमें मध्य वर्ग पिस गया है।

# अडानी पर आरोप डीप स्टेट की साजिश का प्रोपेगेंडा

**हरिशंकर व्यास**

भारत पूंजीवाद का नया इतिहास रच रहा है! भारत मानों गौतम अडानी का गिरवी हो गया है! यदि अडानी ग्रुप का कोई भी भंडा फूटे तो वह दुश्मन के डीप स्टेट' की साजिश है!

उसकी बात करना, उस पर संसद में बहस चाहना विपक्ष का देशद्रोह है। भारत को अस्थिर बनाना है। सीधे प्रधानमंत्री पर हमला है! सत्ता और सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ साजिश है!

दुनिया की नंबर एक महाशक्ति अमेरिका के डीप स्टेट' का भारत पर हमला है! इसलिए हम अमेरिका को एक्सपोज करेंगे। अमेरिका से लड़ेंगे।

विपक्ष की बोलती बंद करेंगे। विपक्ष, नेता विपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी और उस नेहरू-गांधी परिवार को देशद्रोही करार देंगे, जिसने देश को पचास साल चलाया।

यह परिवार अमेरिका, उसकी संस्थाओं, उसकी डीप स्टेट' का पिट्ठू है। ये भारत के जगत सेठ गौतम अडानी के खिलाफ इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि इसने अमेरिका और दुनिया के खरबपति पूंजीपतियों को पछाड़ा है।

वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व-कृतित्व की उस इकलौती उपलब्धि, 140 करोड़ भारतवासियों की आन-बान-शान के विरोधी हैं, जबकि वह सवा सौ करोड़ भूखों के फ्री लंगर की शान है।

देश-दुनिया में मोदीजी की आन है, जिससे भारत सोने की चिडि़या बना है। दुनिया में, पूंजीवाद के इतिहास का ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जो अडानी का है।

इतिहास में नए पुराने जितने खरबपति-अरबपति हुए हैं उनमें आज तक ऐसा एक भी पूंजीपति नहीं हुआ है जिस पर गोलमाल के आरोप लगे और वह राष्ट्र का गौरव बने!

उसकी रक्षा के लिए राष्ट्र, सरकार, संसद सब कुरबान हो तथा विपक्ष या विरोधी भ्रष्टाचार का शोर करें तो ससंद में बहस न हो। उलटे विपक्ष को विदेश का पिट्ठू करार दिया जाए।

मीडिया खबरें न छापे। और अडानी के लिए सरकार, उसके चेहरे



सब वैसी ही जनसंपर्क, लॉबी की भूमिका में हों जैसे कभी धीरूभाई अंबानी के लिए दिल्ली में बालू और टोनी किया करते थे।

अंबानी पर भी कई बार बवाल हुए। लेकिन मुझे ध्यान नहीं है कि इंदिरा गांधी, प्रणब मुखर्जी या किसी भी सरकार ने धीरूभाई अंबानी को भारत की आन-बान-शान करार दे कर उनके खिलाफ अमेरिका की डीप स्टेट' या सीआईए की साजिश बताई हो।

या संसद में बहस नहीं होने दी हो। या वाणिज्य, वित्त आदि की किसी भी भूमिका में प्रणब मुखर्जी ने रिलायंस का बचाव किया हो।

इसलिए समकालीन इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने अडानी के लिए देश के विपक्ष, राहुल गांधी-सोनिया गांधी, अमेरिका, डीप स्टेट' आदि पर हमले का जो कर्म किया है वह न केवल पूंजीवाद और आजाद भारत के इतिहास की अनहोनी है, बल्कि यह सवाल भी बनाते हुए है कि अडानी पर हल्ला क्या मोदी सरकार की अस्थिरता है? ऐसा कैसे है कि गली-गली में शोर अडानी का है और घबराई हुई सरकार है! इतना ही नहीं भाजपा और उसके प्रवक्ता सब अडानी के कारतूस बने हुए हैं!

यदि अमेरिकी डीप स्टेट', अस्थिरता की साजिश, राहुल-सोनिया देशद्रोही, वित्तीय गोलमाल जैसी बातें हैं तो इसके लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस विदेश मंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री या राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैसों को करनी चाहिए या नहीं?

अडानी ग्रुप न भाजपा सदस्य है और न आरएसएस का स्वंयसेवक है।

और यदि वह चंदा या गुरू दक्षिणा देता भी हो तब भी वैश्विक बदनामी (याद करें और उन रिपोर्टों को पढ़ें, जिनमें अडानी के ठेके को रद्द करते हुए केन्या की संसद ने कैसी तालियां बजाई तथा लोगों ने भारतीयों पर कैसी टिप्पणियां कीं) की हकीकत में संघ परिवार उसके लिए क्योंकर लाठी ले कर खड़ा होगा? चाल, चेहरे, चरित्र का कोई लोकलाज नहीं?

सोचें, अडानी, हिंडनबर्ग रिपोर्ट, हेज फंड मैनेजर 92 वर्षीय सोरोस की तुकबंदी से भाजपा कह रही है कि सबके पीछे उद्देश्य मोदी सरकार को अस्थिर करना है।

कांग्रेस नेतृत्व (राहुल गांधी, सोनिया गांधी) देश और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस के पेरोल पर हैं। भारत के खिलाफ गतिविधियों में अमेरिका के डीप स्टेट का हाथ है।

ऐसी कथित भयावह साजिश के बावजूद सरकार से अधिकृत या विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का एक शब्द नहीं बोलना।

अडानी पर आरोप और सीधे अमेरिका की डीप स्टेट' की साजिश का प्रोपेगेंडा! जबकि हाल में अमेरिकी अदालत ने खालिस्तानी पन्नू की हत्या की साजिश में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, पूर्व रॉ चीफ, ऱॉ एजेंट व एक कारोबारी को समन जारी किया मगर तब तो सरकार और भाजपा ने एक शब्द इनके बचाव में नहीं बोला।

तब अमेरिकी डीप साजिश' का हल्ला नहीं था। लेकिन अडानी की ऐसी चिंता जो संसद का पूरा सत्र इसलिए कुरबान क्योंकि राहुल गांधी ने अडानी पर लगे आरोपों पर बहस चाही!

अमेरिकी अदालत से अडानी ग्रुप को समन है तो भारत के सुरक्षा प्रमुख अजित डोवाल पर भी अमेरिकी अदालत की कारवाई है। एक का कारोबारी-सिविल मामला है तो दूसरा हत्या की साजिश का फौजदारी मुकद्दमा। सोचें, भारत राष्ट्र-राज्य की आन-बान-शान के लिए कारोबारी-सिविल-भ्रष्टाचार का आरोप अधिक चिंता वाला होना चाहिए या फौजदारी का? प्रधानमंत्री मोदी, सत्तारूढ़ पार्टी को अजित डोवाल एंड पार्टी की रक्षा में संसद में या बाहर यह हल्ला क्या नहीं करना चाहिए था कि अमेरिका की डीप स्टेट' भारत के खुफिया प्रमुखों को कटघरे में खड़ा कर भारत को अस्थिर कर रही है?

# जनसंख्या गिरावट पर मोहन भागवत की चिंता

बलबीर पुंज

संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है। आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है?

बीते दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट पर अपनी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता है इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।

जैसे ही उनका विचार मीडिया की सुर्खियों में आया, वैसे ही स्वयंभू सेकुलरवादी और वामपंथी तिलमिला उठे। संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है।

आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है? क्या मजहब का भारत की एकता-अखंडता और इस राष्ट्र के शाश्वत मूल्यों— बहुलतावाद, लोकतंत्र और सेकुलरवाद के साथ सीधा संबंध है या नहीं? देश में जहां-जहां आज हिंदू अल्पसंख्यक है, उनमें से अधिकतर क्षेत्र क्या अलगाववाद से ग्रस्त नहीं? संघ प्रमुख के विचार पर त्वरित कोई राय बनाने से पहले क्या इन सवालों के जवाब ईमानदारी से खोजने चाहिए।

क्या यह सत्य नहीं कि ब्रिटिशकालीन भारत, जनसांख्यिकीय में आए परिवर्तन के कारण ही विभाजित हुआ था? इस त्रासदी में जिन दो मुल्कों— पाकिस्तान और बांग्लादेश का जन्म हुआ, वह घोषित रूप से इस्लामी है। अपने वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप इन दोनों ही देशों में हिंदू, बौद्ध और सिख आदि अल्पसंख्यकों के लिए न तो कोई स्थान है और न ही उनके मानबिंदु (मंदिर-गुरुद्वारा सहित) सुरक्षित। विडंबना है कि सिंधु नदी, जिसके तट पर हजारों वर्ष पूर्व ऋषि परंपरा से वेदों की रचना हुई— उस क्षेत्र में आज उनका नाम लेने का कोई नहीं बचा है।

भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक असुरक्षित' कौन है? विश्व के इस भूखंड में कुल मिलाकर 180 करोड़ लोग बसते है, जिसमें भारत 140 करोड़, पाकिस्तान 23 करोड़ और बांग्लादेश की आबादी 17 करोड़ है। 180 करोड़ में 112 करोड़ हिंदू है, जबकि मुस्लिम 62 करोड़ से अधिक मुस्लिम। विभाजन से पूर्व, इस भू-भाग की कुल आबादी में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन अनुयायियों का अनुपात 75 प्रतिशत, तो मुस्लिम अनुपात 24 प्रतिशत था। स्वाधीनता से लेकर आज तीनों देशों में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन घटकर 62 प्रतिशत रह गए है, जबकि मुस्लिम बढ़कर 34 प्रतिशत हो गए। आज हिंदुओं-सिखों-बौद्ध-जैन की जो वास्तविक संख्या 135 करोड़ या उससे अधिक होनी चाहिए थी, वह घटकर 112 करोड़ रह गई है। यक्ष प्रश्न है कि इस भूखंड से पिछले सात दशकों में 23 करोड़ हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन कहां गायब हो गए?

बात यदि खंडित भारत की करें, तो अरुणाचल प्रदेश में 2001 से 2011 के बीच हिंदुओं की जनसंख्या 5.56 प्रतिशत तक घट गई है। वर्ष 1971 में इस प्रदेश की कुल जनसंख्या में ईसाई एक प्रतिशत भी नहीं थे, लेकिन वर्ष 2011 में वे 30 प्रतिशत हो गए। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों की संख्या भी घट गई है। असम में 2001 की जनगणनीय तुलना में हिंदू आबादी 2011 में लगभग तीन प्रतिशत घटी है। इस दौरान असम में हिंदू वृद्धि दर लगभग 11 प्रतिशत, तो मुस्लिम आबादी 29 प्रतिशत रही। प.बंगाल में भी हिंदुओं की वृद्धि दर तेजी से घट रही है। केरल में हिंदू जनसंख्या गत 100 वर्षों में 14 प्रतिशत घट चुकी है।


स्वतंत्रता से पहले नागालैंड और मिजोरम— दोनों आदिवासी बहुल क्षेत्र थे। दिलचस्प तथ्य है कि वर्ष 1941 में नागालैंड की कुल आबादी में जहां ईसाई लगभग शून्य थे, तो मिजोरम में ईसाई आबादी आधा प्रतिशत भी नहीं थी। परंतु वह एकाएक 1951 में बढ़कर क्रमश: 46 और 90 प्रतिशत हो गए। 2011 की जनगणना के अनुसार, दोनों राज्यों की कुल जनसंख्या में ईसाई क्रमश: 88 और 87 प्रतिशत है। मेघालय की भी यही स्थिति है। इसी जनसांख्यिकीय स्थिति के कारण इन राज्यों में चर्च का अत्याधिक प्रभाव है।

इसी वर्ष अगस्त-सिंतबर में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अमेरिका में भाषण देते हुए तीन देशों के ईसाई-बहुल क्षेत्रों को शामिल करते हुए ईसाई राज्य' के दृष्टिकोण को साझा किया था। यहां अनुमान लगाना आसान है कि लालदुहोमा— भारत, बांग्लादेश और म्यांमार की बात कर रहे थे। इस षडयंत्र का संकेत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भी दे चुकी थी।

## मेरा बचपन

भुला बिसरा बचपन याद आता है
अबोहर की गलियों में
खेला हुआ बचपन याद आता है।
नई आबादी का दुर्गा मां का
सुंदर मंदिर याद आता है।
गंगानगर रोड का पर माँ काली का
अद्भुत दरबार याद आता है।
कॉलेज रोड पर खिलखिलाता
यौवन याद आता है।
लगड़ी की टिक्की का
खटा मीठा स्वाद याद आता है।
शहर की गलियों में साथ घूमता
वफादार दोस्त याद आता है।
मुझे मेरा बचपन ही नहीं
मेरा शहर अबोहर याद आता है।

**डॉ.राजीव डोगरा**
**कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (युवा कवि लेखक)**
**(हिंदी अध्यापक)**
**पता-गांव जनयानकड़**




मेष राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे, अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, नए क्लाइंट के साथ मीटिंग होगी। अगर आप अपने बच्चों के लिए शादी का रिश्ता ढूंढ रहे है, तो आज आपको अच्छा रिश्ता मिलेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज पैसो से रिलेटेड सारी परेशानियों का हल जल्दी ही निकल आयेगा। किसी खास रिश्तेदार के घर आगमन से खुशियों का माहौल बनेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ देने वाला रहेगा। आज अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान चेंज करना पड़ सकता है। नए स्थान पर आपका बिजनेस ज्यादा ग्रो करेगा और आपके बेटे का करियर भी अच्छा बनेगा। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

कर्क राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस को दूर दराज़ तक फ़ैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, जिससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही परेशानियाँ दूर होंगी। किसी मेहमान के घर पर आने से बच्चों में उत्साह दिखेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर जाकर कुछ देर जनसेवा का कार्य करेंगे,

सिंह राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी नए बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे परिवार से आपको सपोर्ट मिलेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए तैयार रहें । शुरू किए गए ज्यादातर काम पूरे हो सकते हैं ।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्बल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपना रुतबा कायम रखेंगे। किसी समारोह का आयोजन होगा, जिनमे उनकी सहभागिता रहेगी। अपने खानपान की लिस्ट में ताज़े फलों और हरी सब्जियों को इन्क्लूड करें, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। गाय को चारा खिलायें, घर में धन-धान्य की पूर्ति होगी। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का मौका मिलेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आप अपने करियर में नया आयाम स्थापित करने में सफल रहेंगे। परिवार में चल रही अनबन को लेकर आप सबके साथ विचार विमर्श करेंगे, शाम तक सब सही हो जायेगा। इस राशि के लवमेट अपने रिश्ते को लेकर सीरियस होंगे, घर पर बात करने का मन बनायेंगे। बिजनेस में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन लकी रहेगा। हाउसिंग प्रोजक्ट पर काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप नया वाहन लेने से पहले अपने परिवार वालों से विचार करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको वापिस मिल जायेगा, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आयेगा। बड़ी बेटी का सिलेक्शन किसी अच्छी जॉब में हो जाने पर घर में खुशियों का माहौल रहेगा। घर की सजावट के लिए आपको जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को देखकर आपके विरोधी आपकी हेल्प मांगेंगे। सब लोग आपके द्वारा किये गये कार्यों की तारीफ़ करेंगे।

मकर राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज बिजनेस वर्ग के लोगों के लिए दिन शुभ हैं । धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं । साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा । जमीन से जुड़ा किसी प्रकार का मामला आज सुलझ जायेगा । आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है । लाभ होने की सम्भावना बन रही है ।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है । आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी । आज आप दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे । रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। खेलकूद से जुड़े लोगों को सफलता के मौके मिलेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग आज कैंसिल हो सकती है। आपको आज फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। माइग्रेन की समस्या के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर से मिलकर सलाह ले सकते है, आराम मिलेगा। संतान की तरफ से आज आपको शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है।

# अंतर्राष्ट्रीय गंभीर समस्या भ्रष्टाचार को हटाएं - नया भारत भ्रष्टाचार मुक्त बनाएं

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया-वैश्विक स्तरपर राजनीतिक भ्रष्टाचारियों को कड़ा संदेश देने के लिए दुनियाँ की न्यायपालिकाएं अब कमर कर चुकी है शायद यही कारण है कि दुनियाँ भर में न्यायपालिकाओं के पर खतरे जा रहे हैं, जिसका सटीक उदाहरण बुधवार दिनांक 18 दिसंबर 2024 को देर शाम फ्रांस के सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से स्पष्ट होता है,बता दें फ्रांस की सर्वोच्च अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार और प्रभाव के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराते हुए उनकी एक साल की जेल की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ऑफ कसेशन ने बुधवार को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया, सजा और दोष अब अंतिम हैं। भारत में कुछ महीनों से नए भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत, प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में झंडे गाड़ रहे भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था इत्यादि अनेक मिशन को लेकर खूब चर्चाएं हो रही है। टीवी चैनलों पर डिबेट हो रहे हैं जो इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। और हो भी क्यों ना क्योंकि यह विज़न हमारे पीएम का ड्रीम विज़न है। हम अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज़न 2047 का जिक्र सुनते हैं, जो हमारे देश के स्वतंत्रत भारत का 100 वाँ साल होगा और हमारे उपरोक्त सभी विज़न का एक डेडलाइन निर्धारित साल है।हम आज से ही इन योजनाओं में सक्रिय हो गए हैं कि 2047 में हमारा भारत कैसाहोगा। साथियों इस नए भारत में एक बात को प्राथमिकता देना तात्कालिक अनिवार्य है,वह है भ्रष्टाचार को ज़ीरो सहिष्णुता में लाना! क्योंकि यही वह कड़ी है जो प्राथमिकता से सभी योजनाओं, नीतियों और लक्ष्यों को बाधित कर देती है, साथियों जो विकास की योजनाएं चलती है उसमें एक छोटी टेबल से लेकर अंतिम मुख्य टेबल तक का रोल होता है। एक आम आदमी का काम भी एक छोटी टेबल से लेकर मुख्य टेबल तक होता है। परंतु इस बीच में भ्रष्टाचार का दीमक मलाई को चट कर जाता है जिसका दुष्परिणाम आम आदमी को ही भुगतना पड़ता है,पूरा बोझ इमानदार टैक्सपेयर पर पड़ता है, हमने बुधवार दिनांक 18 दिसंबर 2024 को देर शाम आई रिपोर्ट में देखे कि ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स



कलेक्शन, जिसमें कॉरपोरेट टैक्स,पर्सनल इनकम टैक्स और एसटीटी शामिल हैं, 19.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है,यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 20.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।1 अप्रैल से 17 दिसंबर, 2024 के बीच कुल 3.39 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं,इसे कायम रखने के लिए इस भ्रष्टाचार रूपी दीमक को प्रशासनिक सख्ती, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिकों की मुख्य सहभागिता रूपी दवाई से मिटाने में आसानी होगी। हमारे कुछ टेबल वाले अपवाद साथियों को भी सोचना होगा कि, भ्रष्टाचार के नशीले अहसास में रास्ते गलत पकड़ लिये और इसीलिये भ्रष्टाचार की भीड़ में हमारे साथ गलत साथी, संस्कार, सलाह, सहयोग जुड़ते गये। जब सभी कुछ गलत हो तो भला उसका जोड़, बाकी, गुणा या भाग का फल सही कैसे आएगा? तभी भ्रष्टाचार से एक बेहतर हमें अपने परिवार की दुनिया बनाने के प्रयासों के रास्ते में भारी रुकावट पैदा हो रही है, इसका कारण है खोटी कमाई। इसीलिए हम नए भारत, आत्मनिर्भर, भारत 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था का भारत बनाने के लिए इस दीमक की बीमारी पर योजना बद्ध तरीके से रणनीतिक रोडमैप बनाकर काम करना होगा ताकि भ्रष्टाचारकी शून्य सहिष्णुता हो सके।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार समाप्त करने पर काम करने की करें तो शासन प्रशासन इस दिशा में अनेक योजनाएं, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 30 सालों के बाद संशोधन कर नए प्रावधान शामिल कर भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 कर उनमें अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिसमें ऐसी कार्रवाई में व्यक्तिगत और कारपोरेट संस्थानों के लिए भी प्रभावी रोकथाम की व्यवस्था की गई है। परंतु मेरा मानना है कि उसके बाद भी यह दीमक अपनी खुराक बराबर निकाल ही रहा है। साथियों अब समय आ गया है कि इस दीमक के लीकेजेस ढूंढकर उनकी खुराक बंद करने की व्यवस्था की जाए, जो नए और आत्मनिर्भर भारत की नीव के पहियों में से एक साबित होगी।

साथियों बात अगर हम अब छोटी से बड़ी टेबल वालों की करें तो अब उनकी भी ज़वाबदारी, जिम्मेदारी का सही, सचेत समय आ गया है कि हमारे पीएम की बात, ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, के मंत्र को एकदम गंभीरता से लेकर उसको अमल करना शुरू कर देंगे तो टेबल वालों का भी नए और आत्मनिर्भर भारत बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान माना जाएगा, क्योंकि दीमक को वह अपने पास फटकने ही नहीं देंगे तो दीमक की मृत्यु होना निश्चित है,जिससे शून्य सहिष्णुता का मंत्र हम खुद ही पा लेंगे।

साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा अनेकों संबोधनों में भ्रष्टाचारीयों को उल्टा लटकाकर सीधा करने की बात करने की करें तो, 20 सितंबर 2024 केंद्रीय गृह मंत्री ने साहिबगंज से पार्टी की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की इसके सभा को संबोधित किया। प्रदेश में पार्टी की सरकार बनाएं, भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे, परिवर्तन यात्रा पीएम के महान झारखंड विकसित झारखंड के सपने को पूरा करने का मकसद लेकर आई है। परिवर्तन यात्रा झारखंड से घुसपैठियों को निकालने, माता- बहनों को सुरक्षा देने, युवाओं को रोजगार देने, आदिवासी दलित व पिछड़ों का कल्याण करने के लिए आई है। भ्रष्टाचार के मामले पर कहा इन भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि इसका क्रियान्वयन शीघ्र तात्कालिक किया जाए, जिसकी अभी से सीधे रणनीति बनाकर टॉपअप से बॉटमअप तक व 747 जिलों से 5410 से अधिक तहसीलों तक पैनी नजर रखकर ऐसा जाल बिछाया जाए,कि एक चपरासी भी 10 रुपए की रिश्वत लेने से डरे! जिस तरह से माननीय गृहमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ बॉडी लैंग्वेज दिखाते हैं वह अब धरातल पर तात्कालिक लाना जरूरी है।



## संक्षिप्त समाचार

### पतंगबाजों की पहली पसंद चाइनीज मांझा अब न्याय की चौखट पर

लखनऊ (ए)। पतंगबाजों की पहली पसंद बनता जा रहा चाइनीज मांझा जानलेवा भी कम नहीं है। यह इतना खतरनाक है कि इसके चलते लोगों के घायल होने के साथ-साथ जान तक चली जाती है। अक्सर सड़क पर गिरने वाला मांझा बाइक से जा रहे लोगों को ज्यादा ही नुकसान पहुंचाता है। इसकी गंभीरता को देखते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पीएमओ, राज्य सरकार समेत संबंधित विभागों से चीनी मांझे के अवैध आयात और प्रदेश में बिक्री को लेकर जवाब तलब किया है। लखनऊ खण्डपीठ के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने मोती लाल यादव की जनहित याचिका पर गुरुवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को नियत की है। अदालत ने तीन सितंबर को इस मामले में दिए गए आदेश के पालन के लिए एक और मौका दिया। लखनऊ पीठ की खंडपीठ ने तीन सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों के डीएम और पुलिस अधीक्षकों से चीनी मांझे पर की गई कार्रवाई पर हलफनामा पेश करने का आदेश दिया था। साथ ही गृह विभाग और पर्यावरण विभाग उप्र से चीनी मांझे पर की गई कार्रवाई की प्रक्रिया के संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा था। अदालत ने भारत सरकार से इस संबंध में जानकारी मांगी थी कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में यह मामला लंबित है या नहीं।

### दिल्ली पुलिस ने 311 लापता लोगों को उनके परिवारों से मिलाया

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली पुलिस ने जनवरी 2024 से अपनेच्मिलापज् अभियान के तहत बच्चों सहित 311 लापता लोगों को उनके परिवारों से मिलाया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बताया कि 118 नाबालिग लड़कियों, 86 नाबालिग लड़कों और 107 वयस्कों सहित 311 व्यक्तियों को बचाया गया। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए लोगों में से 183 शाहदरा से हैं, जबकि 128 दिल्ली के अन्य जिलों और देश के अन्य हिस्सों से हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली से 274 लोगों को बचाया गया, इसके बाद उत्तर प्रदेश से 20 और बिहार से चार लोगों को बचाया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पिछले आठ साल से लापता 14 वर्षीय किशोर लखनऊ में मिला जबकि 2018 से लापता 16 वर्षीय किशोरी तेलंगाना में मिली। दोनों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

### मुंबई नाव हादसाः पुलिस का नौसेना से सवाल- व्यस्त समुद्री मार्ग पर क्यों किया ट्रायल रन?

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में मुंबई तट के पास स्पीड बोट के यात्री नाव से टकराने के मामले में कोलाबा थाना पुलिस गहन जांच में जुट गई है। पुलिस ने भारतीय नौसेना और महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड को पत्र लिखकर कई अहम सवाल पूछे है। पुलिस ने पूछा कि इतने व्यस्त समुद्री मार्ग पर ट्रायल रन क्यों किया गया और इसके लिए अनुमति किसने दी थी? पुलिस सूत्रों का कहना है कि ट्रायल के लिए लागू प्रोटोकॉल की भी जांच की जा रही है। मुंबई पुलिस यह भी पता लगा रही है कि नाव में क्षमता से अधिक सवारियां तो नहीं बैठी थी। अब तक की जांच में सामने आया है कि नौसेना की नाव के इंजन में समस्या थी, जिसके कारण वह नियंत्रण खो बैठी और यात्री नाव से जा टकराई। नौसेना ने हादसे के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी भी गठित की है।इस बीच, अधिकारियों ने गेटवे ऑफ इंडिया से नाव की सवारी के दौरान लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से गत 18 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे नीलकमल नाम की नाव 100 से अधिक पर्यटकों को एलीफेंटा गुफाओं की ओर ले जा रही थी।तभी भारतीय नौसेना का स्पीड बोट तेजी से नाव की तरफ आई और उससे टकरा गया। टक्कर के बाद यात्री नाव पलट गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस ने नौसेना चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### कोहरे के चलते थमी ट्रेनों की रफ्तार, देरी से चल रही हैं 13 रेलगाड़ियां

नई दिल्ली(आरएनएस)। उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं. ऐसे में यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर पहुंचने से पहले ट्रेनों का लेटेस्ट स्टेटस चेक कर लें. ट्रेनों की ताजा अपडेट या लाइव स्थिति नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम या एनटीईएस पर देखी जा सकती है. एनटीईएस एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है.गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत में ट्रेन देरी से चल रही हैं या फिर उन्हें कोहरे की वजह से कैंसिल कर दिया गया है. इससे पहले पहले बुधवार को 25 ट्रेनें लेट चल रही थीं, जबकि मंगलवार को कोहरे के कारण 16 ट्रेनों की रफ्तार थम गई थी.इससे पहले रेलवे ने कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसिल कर दिया था. इनमें ट्रेन संख्या 12097 अगरतला-खोंगसांग जनशताब्दी एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 12098 खोंगसांग-अगरतला जनशताब्दी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 07589 तिरूपति-कादिरिदेवरपल्ली स्पेशल,ट्रेन संख्या 07590 कादिरिदेवरपल्ली-तिरुपति स्पेशल, ट्रेन संख्या 19666 उदयपुर सिटी-खजुराहो एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस शामिल हैं।


### जया बच्चन का भाजपा सांसदों पर तंज, बोलीं- सारंगी जी नाटक कर रहे, ऑस्कर मिलना चाहिए

नईदिल्ली, (आरएनएस)। संसद परिसर में गुरुवार को भाजपा और विपक्षी सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की में घायल भाजपा सांसदों को लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने तंज कसा और इसे नाटक बताया। उन्होंने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, सारंगी जी नाटक कर रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन में ओडिशा में क्या-क्या किया था। ये सब बेकार है। हम लोग संसद के अंदर जा रहे थे, ये लोग (भाजपा) हम लोगों को अंदर नहीं जाने दे रहे थे। राज्यसभा सांसद ने आगे कहा, अगर आपको सीढ़ियों से ऊपर चढ़ना है, तो सारी सीढ़ियों पर मोटे-मोटे लोग खड़े थे। अगर वो गिरेंगे तो दूसरे को तो लगेगा ही। मैं आपको बताऊं, मुकेश राजपूत जी, प्रताप सारंगी जी और नागालैंड की महिला सांसद हैं, इससे बढ़िया अभिनय तो मैंने अपनी जीवन में नहीं देखी। इनको ऑस्कर तो मिलना ही चाहिए, साथ ही जितने भी अवार्ड हैं एक्टिंग के, ये सब इनको मिलने चाहिए। अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। तभी भाजपा सांसद भी प्रदर्शन करने पहुंच गए।

# दिल्ली में सुबह घने कोहरे के साथ ठंड बढ़ी, पारा और गिरा



नई दिल्ली (ए)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में घने कोहरे के साथ ही शीतलहर का प्रकोप जारी है। घने कोहरे के साथ ही शीत लहर अपना प्रकोप दिखा रही है। आईएमडी के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली में कोहरे के कारण न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। यमुना बाजार क्षेत्र और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों पर लोगों ने रात्रि आश्रय गृहों में शरण ली। शुक्रवार को भी शहर में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह आठ बजे राष्ट्रीय राजधानी में एक्यूआई 434 रहा। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर और गंभीर से अधिक श्रेणी के बीच रहा। आरके पुरम में एक्यूआई 453 और रोहिणी में 452, शादीपुर में 436 और विवेक विहार में 451 दर्ज किया गया। आंकडों के मुताबिक 0-50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बहुत खराब तथा 401-500 को गंभीर माना जाता है। इस बीच, उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी तापमान गिरने से शीतलहर का प्रकोप जारी है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। पंजाब में कुछ स्थानों पर, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर की स्थिति जारी रहेगी। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों में पाले से राहत नहीं मिलेगी।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संसद भवन के सामने मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और जे.पी. नड्डा के साथ। यह पूरी तरह से सुसज्जित मोबाइल स्वास्थ्य सेवा सुविधा पीएम जन आरोग्य योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुरूप है।

### भारत जोड़ो यात्रा के बारे में फडणवीस के आरोप केंद्र सरकार की विफलता को दर्शाते हैं : आदित्य ठाकरे



नागपुर (ए) । शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आरोपों से पता चलता है कि केंद्र सरकार को देश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी नहीं है। फडणवीस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र की कांग्रेस-राकांपा सरकार और केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान अर्बन नक्सलियों के मुखौटा संगठन घोषित किए गए कुछ संगठनों ने भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था। ठाकरे ने विधान भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बारे में फडणवीस का यह दावा दर्शाता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को देश में आतंकवादियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ठाकरे ने कहा मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि वह (फडणवीस) कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) या किसी अन्य संगठन या फिर भारत जोड़ो यात्रा के खिलाफ आरोप नहीं लगा रहे थे। वह केवल यह कहना चाहते थे कि केंद्रीय गृह मंत्रालय पिछले 10 साल (केंद्र में) या फिर ढाई साल (महाराष्ट्र में) में विफल रहा है।

## हेलीकॉप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत की मौत की जांच रिपोर्ट आई, मानवीय भूल बताया कारण



नईदिल्ली, (आरएनएस)। साल 2021 में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत उनकी पत्नी और 11 अन्य की हेलीकॉप्टर हादसे में हुई मौत की संसदीय समिति की रिपोर्ट आ गई है।संसद में पेश की गई रिपोर्ट में हादसे को मानवीय भूल बताया गया। रिपोर्ट में रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने 13वीं रक्षा योजना अवधि के दौरान हुई भारतीय वायुसेना के विमान दुर्घटनाओं की संख्या के आंकड़े साझा किए हैं। इसमें दुर्घटनाओं की संख्या और उसका कारण बताया गया है।रिपोर्ट में कुल 34 हादसों का जिक्र है, जिसमें 33वें नंबर पर एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना तारीख 8 दिसंबर, 2021 बताई गई है।इसमें हादसे का कारण एचई(ए) या मानवीय भूल (एयरक्रू) बताया गया है।रिपोर्ट में मंत्रालय के हवाले से बताया कि इन जांच समितियों की सिफारिशें दुर्घटना को रोकने के इरादे से प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण, उपकरण, संस्कृति, संचालन, रखरखाव और प्रशासन की समग्र समीक्षा करती हैं।वायुसेना प्रमुख ने बताया कि उपायों पर काम किया जा रहा है।8 दिसंबर को जनरल रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 14 लोगों को ले जा रहा वायुसेना का एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर तमिलनाडु के कोयंबटूर में कन्नूर के पास क्रैश हो गया था। जनरल रावत सुलूर हवाई अड्डे से वेलिंगटन एक कॉलेज में लैक्चर देने के लिए जा रहे थे और इसी दौरान हादसा हुआ। घटना में जनरल और उनकी पत्नी समेत 11 सैन्य सशस्त्र बल कर्मी मारे गए थे।

### गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

लखनऊ (ए)। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाने के मामले में पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद जिला पंचायत सदस्य फिलहाल फरार है। पुलिस के मुताबिक, 19 दिसंबर को जिला पंचायत सदस्य विजय श्याम यादव, समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ता सचिन यादव और एक अन्य व्यक्ति ने अमेठी के आंबेडकर तिराहे पर शाह का पुतला जलाया था। अमेठी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि गृह मंत्री का पुतला जलाने के मामले में जिला पंचायत सदस्य सहित तीन लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सचिन यादव और अनुपम यादव को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि विजय श्याम यादव फरार है। सपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राम उदित यादव ने इस मामले में पुलिस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की।

### लखनऊ में अम्बेडकर के सम्मान में सपा छात्र सभा नेता उतरे मैदान में

लखनऊ (ए) । लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े छात्र-नेताओं ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंक कर बाबा साहब के सम्मान की लड़ाई जारी रखने की की बात कही। ये सभी समाजवादी छात्रसभा, एनएसयूआई और आइसा से जुड़े थे, जो संसद में डॉ. अंबेडकर पर की गृहमंत्री के बयान से आहत थे। परिसर में उन्होंने गृहमंत्री का पुतला लेकर प्रदर्शन किया। पुतला फूंकने करने पर छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। इस दौरान छात्रों ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और गृहमंत्री का पोस्टर फांडकर अपनी नाराजगी जताई बता दें नाराज छात्रों ने गृहमंत्री का पुतला फूंकने और विरोध जताने की चेतावनी शाह के बयान के तुरंत बाद ही जारी कर दी थी। ऐसे में पूरा विवि परिसर छावनी बना नजर आया और यहां भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का 89 साल की उम्र में निधन



गुरुग्राम, (आरएनएस)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में परेशानी थी और बीते कई साल से उनका इलाज चल रहा था। आज अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा मेदांता में ले जाया गया था।वह भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के सबसे बड़े बेटे थे। चौटाला का जन्म 1 जनवरी, 1935 को डबवाली के चौटाला गांव में हुआ था। 2 दिसंबर, 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे और 22 मई, 1990 तक पद पर रहे। 12 जुलाई, 1990 को चौटाला ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन 5 दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 22 अप्रैल 1991 को चौटाला ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला।जुलाई, 1999 में चौटाला चौथी और मार्च, 2000 में 5वीं बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन का दुखद समाचार मिला। प्रदेश के विकास में उनके अहम योगदान को सदैव याद किया जाएगा। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, कांग्रेस की राजनीति में वे बहुत लंबे समय तक साथ रहे। विधानसभा में भी हम साथ रहे। वे मेरे बड़े भाई की भूमिका में थे।

### अतुल सुभाष की आत्महत्या के बाद मां ने उठाया बड़ा कदम, पहुंची सुप्रीम कोर्ट



बेंगलुरु (ए)। आत्महत्या से मरने वाले बेंगलुरु के तकनीकी विशेषज्ञ की मां द्वारा अपने पोते की कस्टडी की मांग करते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक सरकारों को नोटिस जारी किया है। अपनी याचिका में अतुल की मां ने अपने साढ़े चार साल के पोते की कस्टडी की मांग करते हुए कहा कि बच्चे का पता फिलहाल अज्ञात है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि अतुल की अलग पत्नी हिरासत में है। उसके ससुराल वाले बच्चे के स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में काम करने वाले अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया और उसके परिवार के सदस्यों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए इस महीने की शुरुआत में आत्महत्या कर ली। उन्होंने 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट भी छोड़ा, जिसमें वैवाहिक मुद्दों और उनकी पत्नी द्वारा उनके खिलाफ दायर किए गए कई मामलों से भावनात्मक परेशानी का विवरण था। डेथ नोट में, अतुल ने उत्तर प्रदेश में फैमिली कोर्ट के एक जज पर अपने ससुराल वालों का पक्ष लेने का भी आरोप लगाया। अतुल की पत्नी को गुड़गांव (हरियाणा) से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसकी सास और साले को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से गिरफ्तार किया गया। अतुल के भाई द्वारा दायर आत्महत्या के लिए उकसाने की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया था। बेंगलुरु की अदालत में पेश करने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अपनी याचिका में अतुल की मां ने तर्क दिया कि तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक - की भागीदारी के कारण मामले को सुलझाने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप आवश्यक था। इस मामले की सुनवाई अगले साल जनवरी में होगी। अतुल सुभाष ने 2019 में एक सॉफ्टवेयर पेशेवर निकिता सिंघानिया से शादी की। सुभाष पर नौ मामलों का सामना करना पड़ रहा था, जिसमें हत्या के प्रयास, दहेज उत्पीड़न, अप्राकृतिक यौन संबंध और कई अन्य आरोप शामिल थे।

## बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर शाह और राहुल गांधी पर भड़कीं मायावती



लखनऊ (ए)। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर जर्बदस्त हमला बोला हैं। बीएसपी सुप्रीमो ने भी कहा है कि अमित शाह को उन शब्दों को वापस लेकर पश्चाताप करना चाहिए. इतना ही नहीं मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि जगह-जगह संविधान लहराना और नीले रंग के कपड़े पहनना दिखावे की सस्ती राजनीति है। मायावती ने कहा कि संसद में दलित और उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब अंबेडकर के बारे में अमित शाह ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए। कांग्रेस, बीजेपी और उसके सहयोगी पर भड़कते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि इनकी चाल, चरित्र और चेहरा बाबा साहेब अंबेडकर और उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण, जातिवादी रहने के कारण इनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर हैं। बहन मायावती ने उक्त दलों को एक ही थैली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा कि अंबेडकर के प्रति दिल से सम्मान नहीं करना और उनके अनुयाइयों के खिलाफ अन्याय-अत्याचार तथा इनको संवैधानिक व कानूनी हक देने के बजाय छीनने में भी यह पार्टियां एक ही थैली के चटटे-बट्टे हैं। इसको लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच जारी तकरार केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि संविधान का जगह-जगह लहराना और नीला रंग पहनना आदि दिखावे की सस्ती राजनीति है।




कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. बी.आर. अंबेडकर पर कथित अपमानजनक बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# वाराणसी में पूर्व सैन्यकर्मी से 98 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

लखनऊ (ए)। बलिया के मरगूपुर के रहने वाले सैन्य अधिकारी अनुज कुमार यादव जो अब वाराणसी आवास बनाकर में रहते हैं उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके 98 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो और साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ठगों के पास से चेक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, क्यूआर कोड बरामद हुआ। इस मामले में पहले नौ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया था।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्र के अनुसार सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट अनुज कुमार यादव सारनाथ थाना क्षेत्र के माधव नगर कालोनी में मकान बनवाकर रहते हैं। उन्होंने बीते चार दिसंबर को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 11 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर काल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उनका नाम नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में आ गया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की निगरानी खुद पूर्व मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ कर रहे हैं। इसके बाद एक व्यक्ति ने उसने पूर्व मुख्य न्यायाधीश बनकर बात की। एक व्यक्ति ने सीबीआई चीफ बनकर व्हाट्सएप वीडियो कालिंग के जरिए कई बार बात की। केस से नाम हटाने के लिए पूर्व सैन्य अधिकारी के पास मौजूद रुपयों की जांच करने के बहाने 98 लाख रुपये साइबर ठगों खुद के संचालित खातों में ट्रांसफर कर लिया था। पुलिस टीम ने उन बैंक खातों की जांच शुरू की जिनमें रुपये गए थे।इनमें जौनपुर के निवासी दिनेश कुमार और गढ़ा सैनी निवासी राकेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने बैंक खातों में भी पूर्व सैन्य अधिकारी के साथ हुई ठगी के रुपये गए थे। ठगों की गिरफ्तार करने वाली टीम में इस्पेक्टर विपिन कुमार, विजय कुमार यादव, दीनानाथ यादव, सब इंस्पेक्टर संजीव कन्नौजिया, सतीश सिंह, शैलेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल श्याम लाल गुप्ता, आलोक रंजन सिंह रहे। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि दोनों ने कई बैंक खाते फर्जी दूसरे के नाम से खुलवाए थे और उनका संचालन खुद कर रहे थे। खाता खुलवाने के लिए फर्जी आधार का भी इस्तेमाल करते थे। उन्हें पता था कि बैंकों में आफलाइन बैंक खाते खुलवाने पर आधार आदि दस्तावेजों की जांच गहनता से नहीं होती है। जिन लोगों के नाम से खाते खुलवाते थे उन्हें बताते थे कि वह एनजीओ का संचालन करते हैं।

# दो दिल मिले हैं मगर चुपके-चुपके, बॉलीवुड से लेकर साउथ तक प्यार में डूबे नजर आए सेलिब्रिटीज

बॉलीवुड हो या साउथ एक्टर्स सिर्फ अपनी फिल्मों के कारण खबरों में नहीं बने रहते हैं, उनका किसके साथ अफेयर है या रिलेशनशिप है, इस बात की भी खूब चर्चा होती है। जानिए, साल 2024 में किस-किस एक्टर्स, स्टार किड्स के रिलेशनशिप में होने की खबर उड़ी। इन लोगों ने अपने रिश्ते को दुनिया के सामने स्वीकार तो नहीं किया है, लेकिन कई कारणों से यह साफ हो जाता है, ये एक्टर्स, स्टार किड्स प्यार के रंग में रंग चुके हैं।

एक बॉलीवुड दिवाली पार्टी में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तय नंदा को साथ-साथ एंट्री लेते हुए देखा गया। दिवाली पार्टी पर ही सुहाना और अगस्तय साथ नहीं आए। वे दोनों पहले भी एक वैकेशन पर साथ जा चुके हैं। कुछ महीने पहले दोनों लंदन में साथ नजर आए। वहां दोनों को एक साथ डिनर करते देखा गया। उनकी डिनर करते हुए फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब तक सुहाना और अगस्तय में से किसी ने भी अपने रिश्ते पर मोहर नहीं लगाई, लेकिन यूं साथ नजर आकर वे अपने रिलेशनशिप में होने का इशारा जरूर दे रहे।

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी पलक तिवारी से अफेयर को लेकर चर्चा में हैं। पलक तिवारी, टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं और फिल्मों में एक्टिंग भी करती हैं। कुछ महीनों पहले पलक और इब्राहिम को को मालदीव में छुट्टियां मनाते हुए देखा गया। अपने रिलेशनशिप में होने की पुष्टि अभी तक दोनों में से किसी ने भी नहीं की है, लेकिन मुंबई में भी पलक और इब्राहिम को पार्टीज में साथ देखा जाता है।

कृति सेनन भी लंबे समय से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं, उनका नाम कबीर बहिया से जोड़ा जा रहा है। अभी तक कीर्ति ने खुलकर इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किया है। कुछ महीने पहले कृति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कबीर बहिया के साथ एक फोटो अपनी स्टोरी पर लगाया और उस पर एक प्यारा सा संदेश भी लिखा। कृति लिखती हैं-'जन्मदिन मुबारक हो कबीर। आपकी मासूम मुस्कान हमेशा कायम रहे।' इसके अलावा उन्होंने रेड हार्ट



वाला इमोजी भी अपने संदेश के साथ लगाया। इस रेड हार्ट वाले इमोजी के कारण कृति के रिलेशनशिप में होने की बात सामने आई थी।

## *वनवास का नया गाना छबीली के नैना जारी, नाना पाटेकर ने खुद गाया*

*हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक अनिल शर्मा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म वनवास को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।इस फिल्म में उनके बेटे और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर भी इस फिल्म अहम हिस्सा हैं। वनवास को आज 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।रिलीज से एक दिन पहले अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना छबीली के नैना जारी कर दिया है।खास बात यह है कि वनवास के नए गाने छबीली के नैना को पाटेकर ने खुद गाया है। शान, मोंटी शर्मा, गौरव चाटी और संचारी सेनगुप्ता ने भी इस गाने को अपनी आवाज दी है।वनवास में पाटेकर और उत्कर्ष के अलावा खुशबू सुंदर, राजपाल यादव, सिमरत कौर रंधावा, मनीष वाधवा और अश्विनी कालसेकर समेत कई और कलाकार भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है।*

# नेपोटिज्म के लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार : कृति सेनन



हाल ही में अभिनेत्री कृति सेनन अपने करीबी दोस्त कबीर बहिया के साथ एक शादी समारोह में नजर आईं। कृति सेनन फिल्मों के साथ-साथ अपनी बेबाक राय के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में उन्होंने नेपोटिज्म के मुद्दे पर खुलकर बात की। कृति ने कहा, "फिल्म इंडस्ट्री ने मुझे गले लगाया है, लेकिन यह सच है कि जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते, तो आपको यहां अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आपके लिए मौके पाना, मैगजीन के कवर पर जगह बनाना और बड़े बैनर की फिल्मों में काम करना आसान नहीं होता। लेकिन अगर आप टैलेंटेड हैं और मेहनत करते हैं, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।" नेपोटिज्म के लिए सिर्फ बॉलीवुड को जिम्मेदार ठहराने से इनकार करते हुए कृति ने कहा, "मीडिया और दर्शक भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। जब दर्शक स्टार किड्स की फिल्मों को ज्यादा पसंद करते हैं, तो इंडस्ट्री को भी लगता है कि उन्हीं पर दांव लगाना सही है। यह एक चक्र है, लेकिन अगर आपमें टैलेंट है और आप दर्शकों से जुड़ सकते हैं, तो कोई भी चीज़ आपकी सफलता को रोक नहीं सकती।" कृति की यह बेबाक राय और उनकी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। वहीं, उनके और कबीर के रिश्ते को लेकर भी अटकलें जारी हैं। बता दें कि इस शादी समारोह में कृति ने भारतीय शादियों की खूबसूरती और अपने पसंदीदा गाने को लेकर अपनी पसंद जाहिर की।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर समारोह से जुड़ी कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह पारंपरिक परिधानों में बेहद आकर्षक लग रही थीं। एक तस्वीर में कृति मेहंदी लगवाते हुए दिखीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, "भारतीय शादियों और सुखबीर के 'ओह हो हो हो' पर डांस करने का कुछ अलग ही मजा है!" इन तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कृति और कबीर के बीच के रिश्ते को लेकर चर्चा तेज हो गई। दोनों के डेटिंग की खबरें तब से सुर्खियों में हैं, जब उनकी ट्रिप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। हाल ही में कृति ने कबीर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए एक तस्वीर साझा की थी। उन्होंने लिखा, "जन्मदिन मुबारक हो कबीर! आपकी मासूम मुस्कान हमेशा बनी रहे।"

# ऑस्कर 2025 : लापता लेडीज को शॉर्टलिस्ट में नहीं मिली जगह



अभिनेता आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म लापता लेडीज को ऑस्कर 2025 की घोषित शॉर्टलिस्ट में इस फिल्म को जगह नहीं मिली। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने विभिन्न श्रेणियों में टॉप 15 फिल्मों की सूची जारी की, जिसमें लापता लेडीज का नाम शामिल नहीं था।

लापता लेडीज ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक अनोखी कहानी है, जो दो युवा दुल्हनों के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेन में उनकी अदला-बदली के कारण कई हास्यप्रद और भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। नवोदित कलाकार रांटा, नितांशी गोयल और स्पर्श श्रीवास्तव ने फिल्म में प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस, जियो स्टूडियोज और किंडलिंग पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को 1 मार्च 2024 को रिलीज किया गया था और इसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने ऑस्कर शॉर्टलिस्ट में जगह न बना पाने पर आधिकारिक बयान जारी किया है। बयान में लिखा गया, हम निश्चित रूप से निराश हैं कि लापता लेडीज शॉर्टलिस्ट में शामिल नहीं हो पाई, लेकिन हमें गर्व है कि हमारी फिल्म ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह पूरी प्रक्रिया हमारे लिए सम्मान की बात थी। हम एफएफआई जूरी और अकादमी के सदस्यों के आभारी हैं। आधिकारिक बयान में यह भी कहा गया कि यह असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा, हम और भी बेहतरीन कहानियां बनाने और उन्हें दर्शकों के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुनिया भर से मिले प्यार और समर्थन के लिए हम आभारी हैं। हम सभी शॉर्टलिस्ट की गई फिल्मों को शुभकामनाएं देते हैं। फिल्म का गाना सजनी 2024 का सबसे लोकप्रिय ट्रैक बना हुआ है। स्पोटीफाय इंडिया पर इसे 186 मिलियन से अधिक बार स्ट्रीम किया गया है, और सोशल मीडिया पर भी यह खूब ट्रेंड कर रहा है।

# टीवी एक्ट्रेस दीपिका ने शुरु की शूटिंग, जल्द ही साझा करेंगी क्या नया कर रही हैं?

***दीपिका कक्कड़ टीवी सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए दर्शकों के बीच मशहूर हुई थी। इसके अलावा भी उन्होंने कई हिट टीवी सीरियल्स में काम किया। टीवी एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी के बाद वह अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गई। उनका एक छोटा बेटा भी है, जिसकी परवरिश में वह अपना पूरा समय देती हैं। लेकिन टीवी सीरियल में काम ना करने के बावजूद भी वह लाइमलाइट में बनी रहती हैं।***



दीपिका टीवी सीरियल में एक्टिव ना होने के बावजूद भी, दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए हुए हैं। दरअसल, वह अपना एक व्लॉग चैनल यूट्यूब पर चलाती हैं। इस चैनल का नाम 'दीपिका की दुनिया' है। इसमें वह अपने हर दिन का हाल दर्शकों के साथ साझा करती हैं। उनके इस चैनल पर लगभग 3 मिलियन फॉलोअर हैं।

हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आईं। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं।

दीपिका के यूट्यूब चैनल पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है लेकिन उन्हें अकसर ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ता है। अकसर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को उनके रहन-सहन और पहनावे को लेकर ट्रोल कर देते हैं। कई यूजर्स तो दीपिका को इसलिए भी ट्रोल करते हैं कि उन्होंने परिवार की देखभाल के लिए करियर से ब्रेक ले लिया है। इस ट्रोलिंग पर दीपिका भी चुप नहीं रहती हैं, वह बुरी बातें बोलने वाले लोगों को अपने व्लॉगिंग चैनल के जरिए ही मुंहतोड़ जवाब देती हैं।

## वरुण धवन की बेबी जॉन का नया गाना हजार बार जारी, कीर्ति सुरेश संग नए गाने में दिखा रोमांटिक अंदाज

वरुण धवन की नई फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में वरुण की हीरोइन कीर्ति सुरेश हैं। इस फिल्म का एक लव सॉन्ग रिलीज हुआ है। इसमें कीर्ति और वरुण रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो उनकी फिल्म 'बेबी जॉन' के नए गाने का है। इस गाने का संगीत मन को सुकून देने वाला है, साथ ही बोल भी दिल को छू जाते हैं। गाना सुनकर लगता है कि आने वाले दिनों में यह गाना रोमांटिक सॉन्ग की लिस्ट में अपने लिए खास जगह बना सकता है।

## *फिल्म गेम चेंजर की नया सिंगल धोप का प्रोमो आउट, 22 दिसंबर को रिलीज होगा राम चरण-कियारा का इलेक्ट्रिकल बीट फुल सॉन्ग*

*राम चरण की मोस्ट अवेटेड पैन इंडिया मूवी गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कमर कस ली है. मेकर्स ने फिल्म का नेक्स्ट सिंगल धोप सॉन्ग का प्रोमो लॉन्च किया है, जो काफी धमाकेदार है. धोप के इलेक्ट्रिकल बीट ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है. इसका पूरा गाना इसी हफ्ते में रिलीज होगा. इस फिल्म में राम चरण के अपोजिट कियारा आडवाणी लीड एक्ट्रेस के तौर नजर आने वाली हैं.गेम चेंजर के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए धोप का प्रोमो लॉन्च किया. गाने का पोस्टर के साथ प्रोमो साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, उनकी एनर्जी का भरपूर आनंद लिया जा सकता है. ग्लोबल स्टार राम चरण और कियारा आडवाणी धोप के लिए अपने सबसे शानदार अवतार में. 22 दिसंबर को एक शानदार धुन के साथ मिलते हैं.धोप का प्रोमो से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसका पूरा गाना इलेक्ट्रिकल बीट पर बेस्ड होगा. इस गाने में राम चरण और किराया दोनों नए अवतार में नजर आ सकते हैं. फिलहाल फैंस को पूरा गाने का आनंद लेने के लिए 22 दिसंबर तक का इंतजार करना होगा.*

*फिल्म मेकर एस शंकर की निर्देशित, उनकी तेलुगु निर्देशन की पहली फिल्म, गेम चेंजर एक एंटरटेनिंग कहानी का वादा करती है. इस फिल्म में राम चरण ट्रिपल रोल निभाने वाले हैं. उनकी तीन भूमिकाओं की खबर ने फैंस के उत्साह में भारी हलचल मचा दी है.*


*कार्तिक सुब्बाराज की लिखित इस फिल्म में राजनीतिक भ्रष्टाचार से लड़ने, निष्पक्ष चुनावों की वकालत करते हुए एक गांव में जल संसाधन संघर्ष जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को दिखाया गया है.*

## तापसी पन्नू ने फिल्म गांधारी से साझा कीं अपनी झलकियां, लिखा- युद्ध शुरु हो रहा है

अभिनेत्री तापसी पन्नू को पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब तापसी अपनी आगामी फिल्म गांधारी की तैयारी में जुट गई हैं। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।इसके साथ तापसी ने गांधारी से अपनी कुछ झलकियां साझा की हैं, जिसमें वह तमाम स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं।

तापसी ने लिखा, हे प्रभु, मेरी प्रार्थना स्वीकार करो। मैं कभी भी अच्छे कर्म करने से विमुख न हो जाऊं। युद्ध में जाते समय मुझे शत्रुओं का भय न रहे और मैं दृढ़ निश्चय के साथ विजय हो जाऊं। मैं अपने मन को केवल आपके गुणगान करने की शिक्षा दूं। जब समय आए तो युद्ध के मैदान में वीरतापूर्वक लड़ते हुए मर जाऊं।गांधारी के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# बच्चों के लिए ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान



आजकल लोगों के पास में पहले के मुकाबले शॉपिंग करने के लिए बहुत सारे ऑप्शन होते हैं. पहले जहां कपड़ों से लेकर कोई भी जरूरी सामान लेने के लिए लोगों को बाजार जाना पड़ता था. अब घर बैठे-बैठे ही लोग किसी भी चीज को ऑर्डर कर लेते हैं. आजकल हर कोई ऑनलाइन कपड़ों की शॉपिंग करता है.

कुछ ही मिनटों में सामान ऑनलाइन ऑर्डर करने के बाद घर डिलीवर हो जाता है. ऐसे में लोग अपने बच्चों के लिए भी ऑनलाइन कपड़े खरीदने में पीछे नहीं रहते हैं.लेकिन अक्सर ऑनलाइन शॉपिंग करने में कंफ्यूजन भी बहुत होता है. कई बार ऐसा भी होता है कि कुछ सही से समझ नहीं आता है. अगर आप भी अपने बच्चे के लिए ट्रेंडी और कंफर्टेबल कपड़े खरीदना चाहते हैं तो यहां बताए टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. आइए जानते हैं इनके बारे में.

### फैशन ट्रेंड के रहें रूबरू

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सबसे पहले फैशन ट्रेंड को जरूर चेक करें. इसके लिए आफ ब्लॉग्स, इंस्टाग्राम और पिंटेरेस्ट की मदद ले सकते हैं. आजकल क्या फैशन में है ये जानना बहुत जरूरी है. आप सोशल मीडिया पर भी जाकर देख सकते हैं कि आजकल कौन से ट्रेंडिंग शेड्स, डिजाइन और पैटर्न चलन में हैं. इसके बाद यहां से सिलेक्ट करें कि आपके बच्चे पर इनमें से क्या अच्छा लगेगा.

### सर्च फिल्टर लगाना न भूलें

आप जब भी अपने बच्चे के लिए कोई भी कपड़े ऑनलाइन खरीदें तो उसके लिए जिस भी एप का इस्तेमाल कर रही हो तो उसमें सर्च फिल्टर लगाना न भूलें.आप किसी एप पर ऑनलाइन शॉपिंग करिए तो वहां बच्चे की उम्र, जेंडर और साइज का ऑप्शन दिया रहता है. ऐसे में इस सर्च फिल्टर के ऑप्शन को शॉपिंग करते समय इस्तेमाल करिए ताकि आप बच्चे के लिए सही नाप का कपड़ा खरीद सकें. बच्चों के लिए कपड़े चुनते समय इस बात का भी खास ध्यान रखना है कि वो दिखने में ट्रेंडी तो हों लेकिन साथ में कंफर्टेबल भी हों.


### सही फैब्रिक का ऐसे करें चयन

बच्चे के लिए कंफर्टेबल कपड़े लेना सबसे जरूरी है. इसके लिए ऑनलाइन कपड़े मंगवाते समय सही फैब्रिक का चुनाव करें. कपड़े खरीदते समय एक बात का खास ख्याल रखना पड़ता है कि उसका फैब्रिक मुलायम हो. बच्चों की त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए हमेशा कॉटन बैम्बू या फिर लिनन से बने कपड़ों को ही खरीदें. आपको ऑनलाइन कपड़े के बारे में सभी जानकारी साझा की जाती है. आप उसे चेक करके अपने अनुसार बच्चे के लिए कुछ भी ले सकते हैं.

### रिव्यू देखना न भूलें

जब भी बच्चे के लिए ऑनलाइन कपड़े मंगवा रही हो तो उस कपड़े के बारे में साइट (Best site for baby clothes in india)या एप पर दिए गए रिव्यू को जरूर चेक करें. अगर आपको ऑनलाइन कुछ समझ में आ रहा है तो सबसे पहले उसके रिव्यू चेक करिए. जिन्होंने उस कपड़े को खरीदा होगा वो उसे इस्तेमाल करने के बाद रिव्यू जरूर पोस्ट करेंगे. दूसरे पेरेंट्स अक्सर ही ऑनलाइन कपड़े की क्वालिटी और साइज़ वगेरह को लेकर अपना रिव्यू पोस्ट करते हैं. इससे आपकी काफी सहायता हो सकती है.

# क्यों आती है पढ़ाई करते समय नींद ? आलस नहीं झपकी लगने के हैं और भी कारण



बच्चे हो या फिर युवा अक्सर ऐसा सभी के साथ होता है कि किताब खोलते ही नींद आने लगती है. क्या आपको पता है इसके पीछे आलस नहीं कई और भी कारण होते हैं.

### यहां जानिए कारण

पढ़ते समय नींद की झपकी आना सामान्य बात है. कई बार कोई भी बुक या मैग्जीन पढ़ते हुए ऐसा लगता है कि आंखें अपने आप बंद हो जाएंगी. आइए जानते हैं पढ़ते समय नींद आने के कारण.

### मानसिक मेहनत

पढ़ाई करते समय हमारी मानसिक मेहनत होती है. ये थका देने वाली प्रक्रिया होती है. जब भी हम पढ़ते हैं तो उस दौरान हमारा दिमाग लगातार नई जानकारी को हासिल करने और उसे प्रोसेस करने की कोशिश करता है. यह मानसिक मेहनत हमारे शरीर को थका देती है और नींद आने लगती है.

### स्लीप साइकिल गड़बड़ होना

जिन लोगों की स्लीप साइकल गड़बड़ होती है उन्हें भी पढ़ते समय झपकी आती है. अगर आप रात को पूरी नींद नहीं लेते हैं, तो दिन में आपको नींद आना स्वाभाविक है. अनियमित स्लीप साइकिल आपके शरीर की नेचुरल स्लीप-वेक साइकिल को बाधित करता है और आपको दिन में थका हुआ महसूस कराता है.

### एक ही पोजीशन में पढ़ना

एक ही पोजीशन में पढ़ने की वजह से भी आपको नींद आ सकती है. अगर आप एक ही पोजीशन में लंबे समय तक बैठकर पढ़ते हैं या अकेले कमरे में पढ़ते हैं, तो आपका शरीर और दिमाग जल्दी थक सकता है, जिसके कारण नींद आने लगती है.

### स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं कारण

अगर आपको किसी भी तरह की कोई स्वास्थ्य समस्या है तो भी आपको नींद आ सकती है. कुछ स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि एनीमिया, थायरॉइड समस्याएं और डिप्रेशन भी पढ़ते समय नींद आने का कारण बन सकती हैं.

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर कैसा है भारत और ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन? जानिए आंकड़े

### -बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25

नईदिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। फिलहाल 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।अब सीरीज का चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में फिर से बढ़त बनाना चाहेगी।आइए इस मैदान पर दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

भारतीय टीम ने इस मैदान पर 14 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में जीत मिली है और उसने 8 में हार झेली है। इसके अलावा 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।भारतीय टीम का सर्वोच्च स्कोर 465 रन और सबसे कम स्कोर 67 रन रहा है।यहां पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2020 में खेला था, जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था। साल 2018 में भी भारतीय टीम को 137 रन से जीत मिली थी।

ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर 116 मुकाबले खेले हैं। उसे 67 मैच में जीत मिली है और उसने 32 में हार झेली है। इसके अलावा 17 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।मेलबर्न के मैदान पर उनका सर्वोच्च स्कोर 624 रन और सबसे कम स्कोर 83 रन रहा है। यहां पर कंगारू टीम ने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2023 में खेला था, जिसमें उसने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 79 रन से हराया था। यहां ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 3 टेस्ट जीते हैं।

# अश्विन के बाद कई और खिलाड़ी भी ले सकते हैं सन्यास




मुम्बई (ए)। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के अचानक लिए संन्यास से सभी हैरान हैं। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद ही खेल का अलविदा कह दिया था। वहीं माना जा रहा है कि ये केवल एक शुरुआत है और आने वाले दिनों में बढ़ती उम्र को देखते हुए कई सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले सकते हैं। जिससे की युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह मिल सके। एक रिपोर्ट के अनुसार अगले साल कई बड़े खिलाड़ी खेल को अलविदा कह सकते हैं। इन खिलाड़ियों के सन्यास की घोषिणा अगले साल जून-जुलाई में होने वाले इंग्लैंड दौरे से पहले ही हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया में जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (डब्लयूटीसी) चक्र की भारत की अंतिम सीरीज है। अश्विन के अलावा विराट कोहली, रोहित शर्मा अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रविंद्र ने 2012 और 2013 के बीच इसी तरह के बदलाव से गुजर रही टीम इंडिया में कोर खिलाड़ियों के रूप में अपनी जगह बनाई थी। तब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण ने संन्यास लिया था।कप्तान रोहित भले ही कह रहे है कि जो भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है उसके लिए टीम में जगह है पर यह तय है कि अब पुजारा और रहाणे टीम की योजनओं में शामिल नहीं हैं। अश्विन को भी न्यूजीलैंड सीरीज में अचाक वॉशिंगटन सुंदर की से बदलाव के संकेत मिल गये थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने शेष 2 टेस्ट के लिए घोषित की टीम, ये खिलाड़ी बाहर

नईदिल्ली, (ए)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से खेला जाना है।ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (ष्ट) ने शुक्रवार को शेष 2 टेस्ट मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इसमें पिछले महीने टेस्ट डेब्यू करने वाले नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया गया है।उनकी जगह युवा सैम कोनस्टास को शामिल किया गया है। कोनस्टास का घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा है।ऑस्ट्रेलिया की टीम: पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झए रिचर्डसन, मिचेल स्टार्क और बाउ वेबस्टर।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मैकस्वीनी की जगह युवा सनसनी कोनस्टास और रिजर्व खिलाड़ी जोश इंग्लिश को भी टीम में जगह दी है।इसी तरह चोट से जूझ रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को बुलाया है। बोलैंड का दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन था।बता दें कि मैकस्वीनी का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। वह 3 टेस्ट की 6 पारियों में 14.4 की औसत से केवल 72 रन बना पाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 39 रन रहा है।

## बुमराह बना सकते हैं नये रिकार्ड

मेलबर्न (ए)। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह यहं 26 दिसंबर से होने वाले चौथे टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। इस सीरीज में अब तक दोनों ही टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी की है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। ऐसे में दोनो ही टीमों के लिए ये मैच बेहद अहम है। इस मैच में बुमराह एक नया रिकॉर्ड बना सकते हैं। बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट लेते ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे। बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह इस आंकड़े तक पहुंच जाते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे बनेंगे। अभी ये रिकॉर्ड महान ऑलराउंडर कपिल देव के नाम है, जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये उपलब्धि हासिल की थी। बुमराह ने तीनों प्रारुपों को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में इशांत शर्मा को पीछे छोड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे।

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 में हराया, पहली बार सीरीज में किया क्लीन स्वीप

नईदिल्ली,(ए)। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में लिटन दास की टीम को 80 रन से जीत मिली है। इसी के साथ 3 मैचों की टी-20 सीरीज में उसने कैरिबियाई टीम पर क्लीन स्वीप कर दिया है। यह पहला मौका है जब बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया है।बांग्लादेश ने 189/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में वेस्टइंडीज 109 रन पर ऑलआउट हो गई।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एक समय टीम के 3 बल्लेबाज 65 रन पर पवेलियन में थे।जेकर अली ने अकेले पारी संभाली और उन्होंने 41 गेंदों का सामना करते हुए 72 रन बनाए। मेंहदी हसन मिराज ने उनका अच्छा साथ निभाया और 29 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट लिए।जवाब में वेस्टइंडीज के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। रिशाद हुसैन ने 3 विकेट झटके।

जेकर के टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह दूसरा अर्धशतक है। यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उन्होंने अपनी 72* रन की पारी में 3 चौके और 6 छक्के भी लगाए। उनकी स्ट्राइक रेट 175.61 की रही।जेकर ने अब तक 22 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 20 पारियों में 7 बार नाबाद रहते हुए 28.76 की औसत और 122.22 की स्ट्राइक रेट से 374 रन बनाने में सफल रहे हैं।

बांग्लादेश के गेंदबाजों ने मैच में कमाल का प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया। तस्कीन अहमद ने 3.4 ओवर गेंदबाजी की और 30 रन देकर 2 विकेट लिए। मेंहदी हसन ने 3 ओवर में सिर्फ 13 रन खर्च किए और 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।तंजीम हसन साकिब और हसन महमूद को 1-1 सफलता मिली। 3 विकेट लेने वाले रिशाद ने 4 ओवर में सिर्फ 21 रन खर्च किए।

वेस्टइंडीज के लिए इस टी-20 सीरीज में कुछ अच्छा नहीं रहा है। रोवमैन पॉवेल की कप्तानी में यह टीम पिछली 3 सीरीज हार चुकी है। इससे पहले उनको इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने 3-1 और श्रीलंका ने 2-1 से हराया था।बांग्लादेश को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार मिली थी। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को 7 रन से जीता और दूसरे टी-20 में उसे 27 रन से जीत मिली थी।

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25: सैम कोनस्टास ऑस्ट्रेलिया की टीम में हुए शामिल?

नईदिल्ली, (ए)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का चौथा मुकाबला मेलबर्न में 26 दिसंबर से खेला जाना है।ऐसे में शेष 2 टेस्ट मैचों के लिए कंगारू टीम का ऐलान कर दिया गया है। ओपनिंग बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी टीम से बाहर हैं और उनकी जगह युवा सैम कोनस्टास को शामिल किया गया है। यह पहला मौका है जब उन्हें टीम के साथ जोड़ा गया है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।19 वर्षीय कोनस्टास ने अपना पहला प्रथम श्रेणी मुकाबला नवंबर, 2023 में खेला था। अब तक उन्होंने 11 मैचों की 18 पारियों में 42.23 की औसत से 718 रन बनाने में सफल रहे हैं।उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 152 रन रहा है।अभी यह खिलाड़ी बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए खेल रहा है। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 56 रन की पारी खेली थी।सीरीज के पहले टेस्ट मैच के बाद प्रधानमंत्री एकादश और भारतीय टीम के बीच 2 दिन का अभ्यास मैच खेला गया था। इस मुकाबले में कोनस्टास ने शानदार शतकीय पारी (107) खेली थी।उन्होंने 97 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 14 चौके और 1 छक्का निकला था।

# डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अभी भी भारतीय टीम के पास है अवसर

मुम्बई (ए)। ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद भी भारतीय टीम के पास अभी भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में प्रवेश का अवसर है। भारतीय टीम को सीधे प्रवेश के लिए सीरीज के बचे हुए दोनो मैच जीतने होंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उसे दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा। दो जीत से भारतीय टीम की जीत का प्रतिशत 60.53 पहुंच जाएगा। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका से 2-0 से सीरीज़ जीतने के बाद भी 57.02 प्रतिशत अंक ही ला पाएगा। दूसरी ओर अगर भारतीय टीम एक टेस्ट जीतती है और एक ड्रॉ रहता है तो उनके 57.02 प्रतिशत अंक होंगे और इन हालातों में ऑस्ट्रेलिया उससे तभी आगे निकल सकत है जब वह श्रीलंका को 2-0 से हराए, तब ऑस्ट्रेलिया के 58.77 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। अगर भारत 2-1 से सीरीज़ जीत जाता है तो ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका को 1-0 से अधिक के अंतर से हराना होगा या दक्षिण अफ़्रीका के पाकिस्तान से कम से कम 0-1 से हार की दुआ करनी होगी। अगर सीरीज़ 2-2 से ड्रॉ हो तब भारत




55.26 प्रतिशत पर रहेगा और इन हालातें में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से कम से कम 1-0 से हार झेलनी होगी या दक्षिण अफ़्रीका को पाकिस्तान से 2-0 से हारना होगा तभी भारतीय टीम के पास अवसर रहेगा ।

अगर सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर रहे : तब भारत 53.51 जीत प्रतिशत पर समाप्त करेगा। ऐस में उसे फाइनल में प्रवेश के लिए दक्षिण अफ़्रीका की दोनो ही टेस्ट में हारने की उम्मीद करनी होगी। या ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से सीरीज़ 1-0 से हारनी होगी या 0-0 से ड्रा करनी होगी। अगर दोनों सीरीज़ ड्रॉ होती हैं तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के 53.51 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे, लेकिन भारत इस चक्र में अधिक सीरीज़ जीतने की वजह से आगे बढ़ जाएगा, लेकिन श्रीलंका 2-0 से जीतता है तो वे भारत से आगे बढ़ जाएंगे। अगर भारत 1-2 से हारता है। तब भारत के 51.75 प्रतिशत जीत अंक होंगे और वह फ़ाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। तब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका फ़ाइनल में पहुंच जाएंगे।

# विदेश समाचार

## *फ्रांस में चक्रवात चिडो का कहर, 31 लोगों की मौत*

*पेरिस ,(आरएनएस) । फ्रांस के मायोट में चक्रवात चिडो के कारण अब तक 31 लोगों के मरने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के अनुसार, चक्रवात चिडो की वजह से लगभग 1,400 लोग घायल हुए हैं।*

*विदेश विभाग में बुधवार देर रात असाधारण प्राकृतिक आपदा की स्थिति की घोषणा की गई। इस बीच, फ्रांस के राष्टपति इमैनुएल मैक्रों मायोट भी पहुंचे। ऐसी आशंका जताई गई कि सबसे गरीब फ्रांसीसी विभाग में मरने वालों की संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है।विदेश मामलों के कार्यवाहक मंत्री फ्रेंकोइस-नोएल बफेट ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में मायोट में असाधारण प्राकृतिक आपदा की स्थिति लागू करने की घोषणा की, ताकि तेजी से और अधिक प्रभावी संकट प्रबंधन तथा आपातकालीन उपायों को लागू किया जा सके।उन्होंने कहा, इस असाधारण स्थिति को देखते हुए महत्वपूर्ण सेवाओं को जल्द से जल्द बहाल करने और मायोट के लिए एक स्थायी पुनर्निर्माण योजना को लागू करने के लिए असाधारण संसाधनों को तैनात किया जाना चाहिए।इससे पहले मंगलवार को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसायटीज ने चक्रवात द्वारा द्वीपों को तबाह करने के बाद अपने 200 से अधिक स्वयंसेवकों के लापता होने की आशंका पर चिंता व्यक्त की थी।*

# ऑनलाइन प्यार के चक्कर में बुजुर्ग को लगा 22 लाख का चूना

सिडनी (ए)। ऑस्ट्रेलिया के 63 वर्षीय पेंशनर ट्रेसी स्केट्स ऑनलाइन प्यार के चक्कर में ठगी के शिकार हो गए और अपनी जिंदगी भर की गाढी कमाई लुटा बैठे। दरअसल ट्रेसी स्केट्स इंस्टाग्राम पर एक महिला से मिले, जिसने उनका भरोसा जीत लिया। इस महिला ने खुद को शार्लोट बताया और अमेरिका की रहने वाली होने का दावा किया। अक्टूबर 2023 में हुई उनकी पहली बातचीत जल्दी ही प्यार और शादी के वादों में बदल गई। ट्रेसी और शार्लोट के रिश्ते ने तेजी से गति पकड़ी। कुछ ही दिनों में शार्लोट ने ट्रेसी से अपने फोन की मरम्मत के लिए 500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मांगे, जो ट्रेसी ने खुशी-खुशी दे दिए। इसके बाद उसने कहा कि वह ट्रेसी से मिलने और उनकी पत्नी बनने के लिए ऑस्ट्रेलिया आना चाहती है। शार्लोट के इन वादों ने ट्रेसी को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने उसे हर महीने 4,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (2 लाख रुपये से अधिक) भेजने शुरू कर दिए। प्यार के नाम पर हुए इस धोखे ने ट्रेसी की जिंदगी तबाह कर दी। उन्होंने शार्लोट की लगातार बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए अपनी कार और कीमती गिटार तक बेच दिए। अब तक उन्होंने महिला को करीब 40,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (22 लाख रुपये) भेज दिए थे। हालांकि, शार्लोट कभी ऑस्ट्रेलिया नहीं आई। हर बार,



वह नई-नई समस्याओं का बहाना बनाती। एक बार उसने कहा कि एयरपोर्ट जाते समय उसका एक्सीडेंट हो गया और वह कोमा में चली गई। दूसरी बार उसने कहा कि किसी ने उसके सामान में ड्रग्स रख दी, जिसके कारण वह पुलिस केस में फंस गई। सच्चाई तब सामने आई, जब ट्रेसी ने रिवर्स इमेज सर्च किया और पाया कि शार्लोट की तस्वीरें असल में कोलंबियाई बिकनी मॉडल यिसेला एवेंडानो की थीं, जो सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। हालांकि, यह सच्चाई जानने के बावजूद ट्रेसी ने पैसे भेजना बंद नहीं किया।उनका कहना था कि वह भावनात्मक रूप से इतना जुड़ गए थे कि खुद को रोक नहीं पाए। इस धोखे ने ट्रेसी की आर्थिक स्थिति बर्बाद कर दी। उन्होंने अपनी विकलांगता पेंशन का 80 प्रतिशत हिस्सा भी इस महिला को भेज दिया, जिससे उनकी खुद की जरूरतें पूरी नहीं हो पाईं।

## अफगानिस्तान : भीषण सड़क हादसों में 44 की मौत, 76 घायल

काबुल (आरएनएस) । पूर्वी अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में बुधवार रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 44 यात्रियों की मौत हो गई और 76 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मुल्ला हमीदुल्ला नेसार ने बताया कि ये दुर्घटनाएं गजनी शहर के बाहरी इलाके और प्रांत के अंदार जिले में, राजधानी काबुल को दक्षिणी कंधार प्रांत से जोड़ने वाले राजमार्ग के पास हुईं।नेसार के अनुसार, सभी घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, लेकिन अधिकांश की हालत गंभीर बताई गई है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, भीड़भाड़ वाली सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना और जर्जर मार्गों पर यातायात संकेतों की कमी युद्धग्रस्त देश में सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं।इससे पहले सोमवार को दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में एक परिवार को ले जा रहा वाहन खाई में गिर गया था। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति विभाग से प्राप्त जानकारी के हवाले से यह जानकारी दी।सूत्र ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांत के बाबाजी जिले में हुई, जब वाहन नियंत्रण खो बैठा और एक गहरी खाई में गिर गया, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।पिछले सप्ताह उत्तरी बदख्शां प्रांत में एक जीप के नदी में गिर जाने से छह यात्रियों की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, उत्तरी जौजजान प्रांत को पड़ोसी सारी पुल प्रांत से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गए। एक अन्य दुर्घटना में, दक्षिणी जाबुल प्रांत के शाहर-ए-सफा जिले में कंधार को राष्ट्रीय राजधानी काबुल से जोड़ने वाले राजमार्ग पर एक कार सड़क से उतरकर पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत और दो अन्य घायल हो गए।

# यूक्रेन के युद्ध खत्म करने पुतिन करेंगे डोनाल्ड ट्रंप से बात?

### पुतिन ने कहा-केवल स्थायी शांति समझौता ही स्वीकार्य किया जाएगा




मास्को,(ए)। रूस और यूक्रेन के युद्ध को करीब तीन साल होने वाले हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन को लेकर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं और इस वार्ता को शुरू करने के लिए यूक्रेन के साथ किसी भी शर्त की जरूरत नहीं है। पुतिन ने अपने वार्षिक प्रश्नोत्तर सत्र में एक अमेरिकी रिपोर्टर से कहा कि वह ट्रंप से मिलने को तैयार हैं। हालांकि उन्होंने कई सालों से उनसे बात नहीं की है।पुतिन ने यह दावा खारिज कर दिया कि रूस कमजोर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि 2022 में यूक्रेन में रूसी सेना भेजने के बाद मॉस्को मजबूत हुआ है। पुतिन ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि हम बातचीत और समझौतों के लिए तैयार हैं। रूसी सेना अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ रही है।

पुतिन ने यूक्रेन के साथ अस्थायी युद्धविराम के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि केवल स्थायी शांति समझौता ही स्वीकार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बातचीत की शुरुआत उस प्रारंभिक समझौते से होनी चाहिए, जो युद्ध के शुरुआती हफ्तों में तुर्की में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच हुआ था, लेकिन लागू नहीं हो सका।उन्होंने कहा कि जल्द ही मेरी राय में यूक्रेन में लड़ने वाले खत्म हो जाएंगे। हम तैयार हैं, लेकिन दूसरी तरफ को भी वार्ता और समझौतों के लिए तैयार होना चाहिए। ट्रंप समझौता कराने में माहिर माने जाते हैं। अपने चुनावी अभियान में वह बार-बार युद्ध खत्म करने का वादा करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह इसे कैसे करेंगे।

## क्रिसमस और न्यू ईयर पर पर्यटन सीजन के लिए इंडोनेशिया तैयार

जकार्ता (ए)। क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों में घूमने आने वाले पर्यटकों को लेकर इंडोनेशिया तैयारी कर रहा है। इस बार लाखों लोगों के आने की वजह से दक्षिण पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में सड़कों पर और शहरों में जाम लगने की उम्मीद है।



परिवहन मंत्रालय द्वारा हाल ही में किए गए सर्वे के अनुसार, लगभग 11 करोड़ लोग, या देश की लगभग 43 प्रतिशत आबादी, क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान यात्रा करने की योजना बना रही है। यह आंकड़ा पिछले साल की इसी अवधि में आए यात्रियों की संख्या से अधिक है।

मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, लगभग 45 प्रतिशत लोग पर्यटन के लिए यात्रा करते हैं, जबकि लगभग 32 प्रतिशत लोग अपने गृहनगर में परिवारों के साथ क्रिसमस और नया साल मनाने के लिए यात्रा करते हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि क्रिसमस के लिए बाहर जाने वाले लोगों की संख्या 21 दिसंबर को चरम पर रहने की उम्मीद है, जबकि नए साल के लिए बाहर जाने वाले लोगों की संख्या 28 दिसंबर को चरम पर रहने की उम्मीद है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि छुट्टियों के दौरान पर्यटकों की आवाजाही के लिए परिवहन सुविधाएं और बुनियादी ढांचा तैयार रहे।

## वियतनाम : राजधानी हनोई के एक कैफे में लगी भीषण आग, 11 लोगों की मौत

हनोई (आरएनएस) । वियतनाम की राजधानी हनोई के एक कैफे में कथित तौर पर पेट्रोल बम के कारण आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी।रात करीब 11 बजे बाक तु लीम जिले में फाम वान डोंग स्ट्रीट पर स्थित इमारत में आग लगी। वीएनएक्सप्रेस के अनुसार, यह कैफे गायन समारोहों के लिए एक लोकप्रिय स्थल है, जो आग की लपटों और धुएं में घिर गया और आग पड़ोसी घर तक फैल गया। वीएनएक्सप्रेस ने बताया कि पुलिस ने 11 लोगों को मृत पाया और सात अन्य लोगों को बचाया, जिनमें से पांच की हालत स्थिर है और दो लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है।वियतनाम समाचार एजेंसी के हवाले से शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि बाक तु लीम जिले की पुलिस ने पुष्टि की है कि आग के लिए कथित रूप से एक 51 वर्षीय व्यक्ति जिम्मेदार था, जो हनोई के डोंग एनह जिले में रहता था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है, जिस पर डकैती और चोरी के दो पूर्व मामले दर्ज थे। उसने कबूल किया कि कैफे के कर्मचारियों से बहस के बाद उसने गैसोलीन खरीदा और कैफे की पहली मंजिल पर डाल दिया।इससे पहले 24 मई को हनोई में एक किराये की इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे।यह इमारत 100 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई थी, लगभग दो मीटर चौड़ी एक संकरी गली में स्थित थी। जिससे घटनास्थल तक दमकल गाड़ियों का पहुंचना मुश्किल था।

# छोटी सी सावधानी से बड़े साइबर क्राइम से बचा जा सकता है - एसपी श्री शुक्ला

## चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए करें ट्रैफिक नियमों का पालन - एसपी श्री शुक्ला






सीहोर, (निप्र)। सीहोर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शहर के शासकीय-अशासकीय स्कूलों के 2500 से अधिक छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकार तथा उसके बचाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में साइबर अपराध बढ़ रहे है। इन अपराधों से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का जागरूक होना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी हमें कई प्रकार से अपने जाल में फसाने का प्रयास करते हैं। साइबर अपराधी किसानों को बीमा, विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप एवं अन्य व्यक्तियों को उनके लाभ का लालच दिखाकर उनकी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर लेते हैं और साइबर अपराधों को अंजाम देते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अपनी पहचान छिपाकर आपकी कोई ऐसी निजी जानकारी प्राप्त कर लेते है, जिससे वह आपकों ब्लेकमेल कर सकें। ऐसी ही घटनाएं आगे चलकर किसी बड़े अपराध को जन्म देती हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने मोबाइल पर आने वाली किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक नही करना चाहिए। इसके साथ ही यदि किसी अंजान नंबर से विडियो कॉल, लिंक या कोई फाइल आती है तो उसे अटेंड नही करना चाहिए। इससे आपकी निजी एवं बैंक खाते की जानकारी किसी साइबर अपराधी के हाथ लग सकती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अंजान नंबर के कॉल करके स्वयं को किसी बैंक या किसी प्रशासनिक पद का अधिकारी बताते हैं और आपकी निजी एवं गोपनीय दस्तावेजों की जानकारी या मोबाइल ओटीपी मांगते है।

# गणित को पढ़ा नहीं, गणित में जिया जाता हैं



सीहोर, (निप्र)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय गणित दिवस 2024 के उपलक्ष्यस में गणित सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसके दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्वा कुमार शर्मा ने छात्रों को गणित के महत्व को वर्णित करते हुए बताया की गणित को पढ़ा नहीं बल्कि गणित में जिया जाता हैं। जो व्यक्ति गणितीय सोच के साथ आगे बढ़ता है उसे किसी भी काम में असफलता नहीं देखनी पड़ती है उन्होंने छात्रों से कहॉ कि गणित को पढ़ने के साथ-साथ उसमें जीना भी सीखें ताकि तार्किक दृष्टिकोण के साथ आप अपने जीवन के सही निर्णय ले सके। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ उदय डोलस ने बताया कि इस दिन भारतीय मूल के गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी के जीवन वृत पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रीनिवास रामानुजन एवं गणित से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न छात्रों से पूछे गए ।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जलाया केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पुतला

## ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में हुआ बड़ा प्रदर्शन



*सीहोर (निप्र)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कोतवाली चौराहे पर अचानक पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जला दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाली चौराहे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाया । आश्चर्य जनक यह रहा की कोतवाली थाने के पास ही जलाए गए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुतले की भनक पुलिस को नही लगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई जोरदार नारेबाजी सुनकर कोतवाली प्रभारी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और उन्होंने जलते हुए केंद्रीय गृहमंत्री के पुतले को पानी डालकर बुझाया। इसके बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री के जलते हुए पुतले पर लाते बरसा दी। केंद्रीय केंद्रीय मंत्री अमित शाह के पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार नारेबाजी भी की गई गृहमंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाए गए तो वहीं राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों की भी गूंज सुनाई दी। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा लोकसभा में दिए गए संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर को लेकर बयान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश बना हुआ है। बाबा साहब का अपमान हम सह नहीं करेंगे। हमारे द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा देने की मांग की जा रही है। मांग पूरी नहीं होती है तो आगामी दिनों में कांग्रेस के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। पुतला दहन प्रदर्शन में प्रमुख रूप से नईम नवाब ,राजा राम बड़े भाई पवन राठौर,ओम राठौर,डॉक्टर अनीश खान, तारा यादव, घनश्याम यादव, पंकज शर्मा, भगत सिंह तोमर, चीनू ठाकुर अशरफ अली विनीत गोयल कमलेश चांडक अजय रैकवार सईद लाला मंसूरी, आशीष कौशल, लखन कौशल, तनिष्क त्यागी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।*

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण




सीहोर, (निप्र)। आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं एनसीएचएसई संस्था द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कृषि एवं कृषि आधारित आजीविका के चार कॉम्पोनेंट जलवायु आधारित खेती, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका के विभिन्न आयाम एवं संस्थागत सहयोग एवं विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विभाग के उप संचालक केके पांडे, डॉ. दीपक कुशवाह, नीलेश पाटकर, राजेश वर्मा, बलराम राठौर सहित कृषि वैज्ञानिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आयोजित किए जाएंगे जनकल्याण शिविर

*सीहोर, (निप्र)। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही जिले में भी 11 दिसंबर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर आमजन को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान के तहत आमजन को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 21 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से 04 बजे तक वार्ड क्रमांक 1,2,3,29 के लिए कोलीपुरा स्थित नरसिंह मंदिर के पास शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार 24 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 4,5,6,26,27,28 के लिए नगर पालिका कार्यालय में, 27 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 7,8,9,11,12,21 के लिए गंज स्थित डॉ अंबेडकर धर्मशाला में, 04 जनवरी 2025 को 10,13,14,15,16 के लिए गंज स्थित कस्तूरबा कन्या शाला में, 11 जनवरी को वार्ड क्रमांक 17,18,19,20,24 के लिए सीहोर के सरदार पटेल स्कूल में, 18 जनवरी को वार्ड क्रमांक 22,23,25 के लिए गल्ला मंडी स्थित अटल पार्क नवदीप स्कूल के पास जनकल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा।*

# सीता ने दिया था हनुमान को अजर अमर होने का आशिर्वाद

## रामचंद्रजी ने बाण चलाकर मिटा दिया था समुद्र का अहंकार-पंडित तिवारी

सीहोर, (निप्र)। सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित श्रीराम कथा के समापन दिवस शुक्रवार को कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रामकथा सुनने कथा स्थल के पास हनुमान रूप में वानरों का दल भी पहुंच गया। श्रीराम कथा वाचक उज्जैन नगरी से सिद्धपुर नगरी सीहोर पहुंचे ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शंकर तिवारी ने कहा की माता सीता ने रावण की अशोक बाटिका में रामजी की मुद्रीका लेकर पहुंचे हनुमानजी को अजर अमर होने का आशिर्वाद दिया था यही कारण है हनुमानजी के अंत की कोई कथा नहीं है जहां भी रामकथा होती है हनुमानजी किसी भी रूप में कथा सुनने पहुंचते है। उन्होने कहा की अंहकार बड़ा शत्रु होता है रामचंद्रजी ने बाण चलाकर समुद्र अंहकार मिटा दिया था। श्रीराम कथा में पहुंचकर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और समिति अध्यक्ष मनोज शर्मा ने विधिवत श्रद्धालुओं के साथ व्यास गादी, रामचरित्रमानस की पूजा अर्चना कर सभी के कल्याण की प्रार्थना रामजी से की। रामकथा के समापन पर शहर में भव्य शौभा यात्रा निकाली गई। पंडित श्री तिवारी ने कहा की पृथ्वी पर कोई ऐसा कोई पैदा नही हुआ जो जामवंद से लड़ सके, विभीषण ने रावण को समझाया सीताजी को सम्मान श्रीराम जी को सौप दो लेकिन रावण नही माना। असुरों की दुर्गति प्रारंभ हो गई। विनती करने के उपरांत भी हनुमान जी को समुद्र ने रास्ता नहीं दिया तब श्रीराम ने समुद्र से अर्चना की किंतु समुद्र नहीं माना तब रामजी ने समुद्र को चैतावनी दी और समुद्र पर बाणतान दिया।

# अमित शाह के इस्तिफे को लेकर सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौपा




सीहोर, (निप्र)। कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौपा गया तथा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सांसद दिग्विजय सिंह से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा की मांग कर कठोर से कठोर कार्रवाई करते हुए लोकसभा राज्यसभा में देश की जनता के समक्ष अमित शाह से अंबेडकर जी के प्रति की गई असौभनीय टिप्पणी के संबंध में माफी मांगने की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर को बताया कि राज्यसभा सदन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह की तरफ से संविधान के गौरवशाली 75 वी वर्षगांठ की चर्चा के दौरान डॉ.अम्बेडकर के प्रति जो टिप्पणी की गई है भाजपा का जातीय और दलित विरोध मानसिकता को दर्शाता है। अमित शाह द्वारा राज्यसभा सदन में कहा गया कि अम्बेडकर अम्बेडकर अम्बेडकर अम्बेडकर एक फैशन हो गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह को अगर गोडसे, गोलवलकर, सावरकर से फुर्सत मिल गई होती तो अम्बेडकर को जान लिया होता उन्होने भारतीय समाज में मौजूद करोड़ वंचित शोषितों, मजलूमों महिलाओं को को उस जगह से निकाला जो नरक की बदतर जिन्दगी जी रहे थे। हम सब बाबा साहब को सर्वहारा वर्ग के हीरो के रूप में पूजते हैं। बाबा साहब का अपमान देश का अपमान है।

# शीतघात से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

## सीएमएचओं ने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को दिए निर्देश

सीहोर, (निप्र)। स्वास्थ्य विभाग ने शीतलहर के दृष्टिगत आमजन के एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने जिले की शहरी एवं विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य संस्था प्रभारियों निर्देश दिए हैं कि शीतलहर से बचाव के लिए समुदाय के लोगो को प्रचार-प्रसार के माध्यमो जागरूक किया जाए। सभी अस्पतालों द्वारा शीत से प्रभावित मरीजों के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। शीत से संबंधित बीमारी की प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ का उन्मुखीकरण किया जाए। इमरजेंसी कॉल के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया जाए। स्वास्थ्य संस्था में पर्याप्त मात्रा में संबंधित दवाइयों एवं एंटीबायोटिक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण, दिए गुणवत्ता के निर्देश



सीहोर, (निप्र)। वार्ड क्रमांक 14 सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं नगर पालिका के पार्षद और अन्य अधिकारियों ने कार्य का निरीक्षण किया। शहर में अनेक विकास के कार्य चल रहे है। शहर के वार्ड क्रमांक 14 के फारेस्टे कालोनी क्षेत्र में करीब 10 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। मार्ग के निर्माण से लोगों को कच्चे मार्ग से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता न करने के लिए उन्होंने ठेकेदार को हिदायत दी और नियमित पानी का छिड़काव करने के लिए भी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि वार्ड 14 के रहवासी कई वर्षों से इस क्षेत्र के प्रमुख मार्ग का जीर्णोद्धार करने की मांग की जा रही थी। कच्चा मार्ग के कारण लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि कई वर्षों से सड़क का निर्माण कराने की मांग कर रहे थे, क्षेत्रवासियों की प्राथमिकता के आधार पर इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# महात्मा गांधी जी ने जहां से शुरू किया था खादी वहीं से शुरू हुआ सीहोर का पहला पंचगव्य हर्बल हेयर आइल

## महाराष्ट्र गौसेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा, अचार्य श्री श्याम बिहारी और एमगिरी संस्था ने किया जायसवाल इनोवेशन द्वारा निर्मित वोक हर्बल हेयर ऑयल का लोकार्पण



सीहोर, (निप्र)। सीहोर के युवा उद्यमी अंकित जायसवाल ने एक आयुर्वेदिक हेयर आइल तैयार किया है। यह हेयर आयल पूरी तरह हर्बल है। जिसकी बिक्री बाजार में जल्द शुरू होगी। अंकित उत्साहित है कि जहां से गांधी जी ने खादी की शुरुआत की थी वहीं से अंकित के उत्पात की शुरुआत हो रही है। अंकित जायसवाल बताते हैं कि उनके द्वारा निर्मित सीहोर का अपना पहला पंचगव्य हर्बल आयुर्वेदिक हेयर आइल वोक (वर्ल्ड ऑफ केयर) जो तैयार किया गया है। तीस अलग-अलग जड़ी बूटी और क्षीरपाक विधि से, क्षीरपाक आयुर्वेदिक औषधियों की एक अनोखी विधी से तैयार किया है। इसमें दूध को माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। जो बालों संबंधी और बाल की त्वचा संबंधी रोग में भी फायदा होगा। इसके साथ ही पूरी तरह हर्बल होने के कारण कोई नुकसान नहीं हैं।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जयकिशोर छांगाणी की देखरेख में तैयार किया गया है। कार्यक्रम में अचार्य श्याम बिहारी अध्यक्ष गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार, डा. आशुतोष मुरकुटे महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान मगनवाड़ी वर्धा, शेखर मुनदेड़ा राज्य मंत्री अध्यक्ष, महाराष्ट्र गौ सेवा आयोग मौजूद रहे।

कार्यशाला में में बीस उत्पाद तैयार किए गए हैं। जो अलग-अलग उद्यमियों ने तैयार किए हैं। जिसमें गोसेवा आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी तैयार प्रोडक्ट जल्द ही मार्केट में बेचने के लिए उपलब्ध होगा।कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में एमगिरी सलाहकार समिति के सदस्य डा. श्रीरामजी ज्योतिषी, भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर की प्रो. ईशा सलामे, प्रो. अनिरुद्ध आठवले, अन्न एवं औषधि विभाग के सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. पीएम बल्लाल, अदाणी उद्योग समूह के सुबोध सिंह, शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधा तिवारी, इस्कॉन के दामोदर दुलारदास, महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के सदस्य उद्धव नेरकर, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, सनत गुप्ता, छत्तीसगढ़ के डॉ. अखिल जैन, राजस्थान गौशाला संघ के प्रकाश व्यास, कर्नाटक गौशाला संघ के चेन्ना बसवंत रेड्डी और श्रीकांत मोदी, मध्यप्रदेश के सोहन विश्वकर्मा, गोआकृति उद्योग समूह, जयपुर से भीमराज शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

कार्यशाला का आयोजन एमगिरी के जैव प्रसंस्करण व जड़ी-बूटी विभाग द्वारा किया गया था। कार्यशाला का संचालन डॉ. जयकिशोर छांगाणी ने और आभार प्रदर्शन डॉ. आदर्श कुमार अग्निहोत्री जी ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए डॉ. छांगाणी, डॉ. अग्निहोत्री, डॉ. अपराजिता, डॉ. शीतल शर्मा, नीलेश काटेकर, सौम्य कटरे, पायल कथले, शामली जमाने, स्वानंद कलम्बे, कल्पेश देशमुख, डिंकेस ढोले, सुहासिनी, रवि खाड़े, बृजेश चौहान ने सहयोग रहा। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के गौसंवर्धन संबंधी वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन विभाग के विशेषज्ञ, गौशाला प्रतिनिधि तथा एमगिरी के 50 उद्यमियों को मिलाकर कुल 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## *नहीं सहेंगे अबेडकर का अपमान, केन्द्रीय गृह मंत्री देश से माफी मांगे- अहिरवार समाज संघ*

*सीहोर, (निप्र)। संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का काफी विरोध हो रहा है। इसको लेकर दलित संगठन और समाज के लोगों में नाराजगी है। शुक्रवार को अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने इसके विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के संभागीय सचिव विनोद बडोदिया ने कहा कि डा भीमराव अंबेडकर संविधान के मुख्य शिल्पकार हैं। उन्होंने दलित, पिछडे, आदिवासी, महिलाओं के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वह नवभारत के निर्माता है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित द्वारा उनको लेकर जो अपमानजनक टिप्पणी की गई है। वह घोर निदंनीय है। इससे दलित समाज को ठेस पहुंची है, उनकी भावनाए आहत हुई हैं। यह पूरे देश का अपमान है। उन्हें अपने इस अमर्यादित बयान के लिए पूरे देश से माफी मांगना चाहिए। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, जिलाध्यक्ष करण सिंह अहिरवार, मंशाराम अहिरवार, नर्बदाप्रसाद अहिरवार, लक्ष्मण सिंह, सूरज सिंह, मुकेश अहिरवार, लक्ष्मीनारायण, देवीलाल अहिरवार, सुनील अहिरवार, शोभाराम, धर्मेन्द्र, रामसेवक सूर्यवंशी, प्रदीप सूर्यवंशी, विक्रम सूर्यवंशी, नीरज जाटव, प्रशांत भैरवे, आकाश भैरवे सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।*

# कांटे के मुकाबले में सीहोर ने भोपाल को 2-1 से हराया



सीहोर, (निप्र)। शहर के चर्च मैदान करीब 45 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार की शाम को साई असिस्टेंट डायरेक्टर अजय नामदेव ने यहां पर जारी कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पर मौजूद खिलाड़ियों से चर्चा की। खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे जिला फुटबाल एसोसिएशन के द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण शिविरों के अलावा क्लब फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, कोच विपिन पवार सहित अन्य के द्वारा सभी प्रकार की सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। इस दौरान फुटबाल एसोसिएशन के सदस्य मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा है। जिससे यहां पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच मिल रहा है। इस दौरान मैदान के समतलीकरण आदि पर चर्चा की गई। शुक्रवार की शाम को दो मुकाबले खेले गए थे। इसमें पहला मुकाबला सीहोर और भोपाल के मध्य खेला गया। इस कांटे के मुकाबले में सीहोर टीम ने भोपाल को 2-1 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर गर्ल्स और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर गर्ल्स की टीम ने एक तरफा मुकाबले में सीहोर बाइज को 2-0 से हराया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मुकाबला सीहोर ने भोपाल से 2-1 से जीता है। इस मुकाबले में सीहोर की ओर से जेम और शिवा ने 1-1 गोल किया था।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com